दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 69
कोटद्वार रविवार
2 जुलाई 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## हरीश रावत आवाज का नमूना देने के लिए तलब

**देहरादून, एजेंसी।** सीबीआई ने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत को 2016 के स्टिंग ऑपरेशन मामले में नोटिस जारी करके उनसे 4 जुलाई को जांच एजेंसी के समक्ष पेश होने और अपनी आवाज का नमूना देने को कहा है। सीबीआई के अधिकारी बृहस्पतिवार की सुबह रावत के घर नोटिस की तामील कराने पहुंचे थे, लेकिन उस वक्त कांग्रेस नेता वहां नहीं थे। रावत देर दिन में घर लौटे जिसके बाद उन्हें यह नोटिस दिया गया।

सीबीआई की नोटिस पर कांग्रेस नेता ने कहा कि उनका और उनकी पार्टी का 'इस षड्यंत्रकारी स्टिंग ऑपरेशन' से 2016-17 में जितना नुकसान हो सकता था, पहले ही हो चुका है। 'मैं इस उम्मीद में किसी भी प्रकार का उत्पीड़न सहने को तैयार हूं कि एक दिन कानून हमारे साथ खड़ा होगा और सच्चाई सामने आएगी।'

2016 में तत्कालीन कांग्रेस विधायकों ने हरीश रावत सरकार के खिलाफ विद्रोह करके भाजपा से हाथ मिला लिया था, जिसके बाद यह स्टिंग ऑपरेशन सामने आया था। जिसमें सरकार बचाने के लिए रावत कथित तौर पर सौदा करते दिखाई दिए थे। वीडियो सामने आने के बाद पहले से अस्थिर प्रदेश की राजनीति में फिर हड़कंप मच गया था। अंततः प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया था।

# मोदी सरकार में आदिवासियों के हितों में हुए बेहतर काम: राजनाथ



**कांकेर, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस पर आदिवासियों की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए आज कहा कि जब से केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है आदिवासियों के हितों में बेहतर काम किए गए हैं।

राजनाथ सिंह ने छत्तीसगढ़ के कांकेर के नरहरदेव मैदान में आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश की संसद को मजबूत करने में आदिवासी समाज का बड़ा योगदान है। आदिवासी समाज के योगदान के बारे में या तो बताया नहीं गया और बताया गया भी होगा तो बहुत कम जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि इनका कितना योगदान है, इसकी जानकारी दी ही नहीं गयी। आजादी के बाद सरकार चलाने वालों ने अपनी राजनीति को ही प्राथमिकता दी। अपनों को ही सारी दुनिया में प्रोजेक्ट करने का प्रयास किया। आदिवासी समाज को भूल गये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आदिवासियों के लिये बेहतर काम किया है।

रक्षा मंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य में हो रहे धर्मांतरण पर सवाल उठाया और धर्मांतरण को रोकने हरसंभव मदद करने की बात कही। उन्होंने अपनी सभा में कहा कि श्री मोदी के 9 साल के कार्याकाल में एक भी आरोप भ्रष्टाचार के नही लगे हैं। वहीं कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस के नेता जेल जा चुके हैं।

उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश पाकिस्तान ने जब जवानों पर हमला किया था, तब प्रधानमंत्री श्री मोदी ने तुरंत फैसला लिया और उन्हें सबक सिखाया गया। श्री सिंह की सभा को लेकर सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वरुण साव, भाजपा विधायक, पूर्व विधायक, भाजपा नेता सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सीएम योगी आदित्यनाथ से मिले महाराज

# परिसंपत्तियों के बंटवारे के शासनादेश का किया अनुरोध

**-यूपी सीएम से जनपद के तीन विकासखण्डों में सिंचाई हेतु 665 क्यूसेक पानी की मांग की**

**- जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायत प्रमुखों के प्रत्यक्ष चुनाव पर भी योगी ने जताई सहमति**



**देहरादून।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के दौरान कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने हरिद्वार में सिंचाई विभाग की 615.836 हेक्टेयर भूमि एवं 348 आवासीय भवन और 167 की अनावासीय भवन उत्तराखंड को हस्तांतरित करने के लिए शासनादेश का अनुरोध किया।

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों के बीच परिसंपत्तियों को लेकर बनी सहमति का हवाला देते हुए शीघ्र शासनादेश जारी करने का अनुरोध किया। सतपाल महाराज ने शुक्रवार को यूपी के सीएम से लखनऊ में उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की।

उन्होंने दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों के बीच परिसंपत्तियों के संबंध में हुई बैठकों का हवाला देते हुए हरिद्वार में सिंचाई विभाग की 615.836 हेक्टेयर भूमि एवं 348 आवासीय भवन और 167 की अनावासीय भवन उत्तराखंड को हस्तांतरित करने के लिए शासनादेश का अनुरोध किया।

इसके अलावा संयुक्त सर्वेक्षण के आधार पर चयनित ऊधमसिंह नगर की 49.234 हेक्टेयर में से 12.457 हेक्टेयर भूमि व 41 आवासीय भवन और सात अनावासीय भवन के साथ-साथ चंपावत में स्थित 31.889 हेक्टेयर भूमि उत्तराखंड राज्य को हस्तांतरण करने के लिए शासनादेश जारी किए जाने का भी अनुरोध किया।

महाराज ने सीएम से हरिद्वार के असिंचित क्षेत्रों के लिए गंगनहर से 665 क्यूसेक पानी देने के साथ ही दोनों राज्यों के मध्य जल बंटवारे पर सहमति बनाए जाने की भी बात कही। महाराज ने उत्तराखंड की सीमा में उत्तर प्रदेश के स्वामित्व वाली सड़कों की खराब स्थिति एवं उनके सुधारीकरण करने का पत्र भी सौंपा।कहा, उत्तराखंड की अधिकतर सीमा यूपी से लगी होने से श्रद्धालु यूपी से होकर ही उत्तराखंड आते हैं, इसलिए राज्य के रुद्रपुर और पौड़ी से जुड़ने वाली यूपी सरकार की स्वामित्व की सड़कें, जिनमें अलीगंज-काशीपुर, ठाकुरद्वारा-काशीपुर, जसपुर-धामपुर तथा नजीबाबाद-कोटद्वार-पौड़ी मार्ग की सड़कों की खराब स्थिति को तत्काल सुधारा जाना चाहिए।

# बैंकों का मुनाफा नौ साल में तीन गुना बढ़ा : सीतारमण

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि सरकार की नीतियों के कारण सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) का मुनाफा 2022-23 में बढ़कर 1.04 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो 2014 के 36,270 करोड़ रुपये की तुलना में तीन गुना है। उन्होंने 'अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए इसी गति के जारी रहने की जरूरत' पर प्रकाश डाला है। उन्होंने यहां पंजाब एंड सिंध बैंक के कॉरपोरेट कार्यालय का उद्घाटन करते हुए कहा कि बैंकों को सर्वोत्तम कॉर्पोरेट प्रशासन सिद्धांतों का पालन करके 'उपलब्धियों को आगे बढ़ाने' की जरूरत है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'बैंकों को आराम से बैठकर सफलता पर जश्न नहीं मनाना चाहिए। उन्हें सर्वोत्तम कॉर्पोरेट प्रशासन नियमों का, नियामक मानदंडों का पालन करना चाहिए, विवेकपूर्ण तरलता प्रबंधन सुनिश्चित करना चाहिए और मजबूत परिसंपत्ति-देयता और जोखिम प्रबंधन पर ध्यान देना जारी रखना चाहिए।' उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में बैंकों और कॉरपोरेट की 'ट्विन-बैलेंस शीट' की समस्या दूर हो गई है। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि मोदी सरकार के ठोस प्रयासों के कारण अब 'ट्विन-बैलेंस शीट' का लाभ मिल रहा है। 'ट्विन-बैलेंस शीट' की समस्या का अर्थ है कि एक ही समय में बैंकों और कॉरपोरेट की वित्तीय सेहत में गिरावट होगी। इस स्थिति में कर्ज लेने वाले और देने वाले, दोनों ही तनाव में रहते हैं। दूसरी ओर अगर कर्ज लेने वाले इसे चुकाने की स्थिति में हैं, तो यह 'ट्विन-बैलेंस शीट' से लाभ मिलने की स्थिति है।

# सरकार बनी तो बीएमसी के घोटालेबाज अफसर जाएंगे जेल: आदित्य ठाकरे



**नई दिल्ली, एजेसी।** शिवसेना उद्धव गुट के नेता आदित्य ठाकरे में बीएमसी में रहे घोटालों पर निशाना साधा है। शनिवार को आदित्य ठाकरने ने कहा कि बृहन्न मुंबई महानगर पालिका में कई घोटाले हो रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर उनकी पार्टी महाराष्ट्र में सत्ता में आई तो गड़बड़ियों में शामिल निकाय के अधिकारियों को जेल भेजेगी। दक्षिण मुंबई में नगर निगम मुख्यालय के बाहर एक विरोध रैली को संबोधित करते हुए ठाकरे ने नगर निगम की सड़कों के कंक्रीटीकरण कार्यों, बजरी खरीद, फर्नीचर और सैनिटरी पैड की खरीद में अनियमितताओं का आरोप लगाया।पूर्व मंत्री ने आरोप लगाया कि महानगर को लूटा जा रहा है क्योंकि एकनाथ शिंदे सरकार पिछले एक साल में केवल घोटालों में लिप्त रही है। शिंदे सरकार का गठन पिछले साल जून में हुआ था, जबकि बीएमसी चुनाव 2022 शुरुआत से ही पेंडिंग हैं।



# अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें : सीडीओ



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जनपद में जल संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार की अध्यक्षता में संबंधित अधिकारियों के साथ विकास भवन सभागार में जल संरक्षण एवं संवर्द्धन के संबंध में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में जल संरक्षण एवं संवर्द्धन के अभियान को सफल बनाने के लिए इस वर्ष अभियान की थीम ''पेयजल के लिए स्रोत स्थिरता'' निर्धारित की गई है। उन्होंने अधिकारियों को जनपद में स्थित सभी जल संरचनाओं की गणना करते हुए वैज्ञानिक तरीके से इनवैंटरी बनाने के साथ ही इसकी जियो टैगिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि योजना के तहत जनपद में जल शक्ति केंद्रों की स्थापना की जानी है। उन्होंने अधिकारियों को जल संरक्षण एवं वर्षा जल के संचयन के लिए रूफ वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का रख-रखाव व निर्माण तथा जल संरक्षण के अन्य उपायों जैसे रिचार्ज गड्ढों, चैक डैम, तालाबों आदि का निर्माण, पारंपरिक जल स्त्रोतों का संरक्षण व संवर्द्धन, नदियों एवं गधेरों के पुर्नीजीवीकरण की कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही अमृत सरोवरों का निर्माण आदि के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नेहरू युवा केंद्रों के माध्यम से जल संरक्षण हेतु जन जागरूकता अभियान व ग्राम सभाओं के संचालन के लिए ग्रामीणों को जुटाने हेतु युवा कल्याण विभाग को निर्देशित किया। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अधिशासी अभियंता सिंचाई पीएस बिष्ट, जल निगम नवल कुमार, मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र सिंह बिष्ट, जिला पंचायत राज अधिकारी प्रेम सिंह रावत, मत्स्य निरीक्षक संजय सिंह, अपर उद्यान अधिकारी महावीर सिंह रावत, सहायक अभियंता लघु सिंचाई एपी घिल्डियाल, डॉ. विनोद कुमार यादव, सहायक अभियंता जल संस्थान रेवत सिंह रावत, परियोजना विशेषज्ञ प्रकाश डसीला सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## विवि कुलपति ने विधायक किशोर को बताई समस्याएं

टिहरी : श्रीदेव सुमन विवि मुख्यालय बादशाहीथौल पहुंचे टिहरी विधायक का विवि कुलपति ने पुष्पगुच्छ और शॉल भेंट कर स्वागत किया। कुलपति ने विधायक को विवि की प्रगति और समस्याओं से अवगत करवाया।

श्रीदेव सुमन विवि कुलपति प्रो. एनके जोशी ने टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय को बताया कि विवि मुख्यालय में दस जुलाई से बीबीए और बीसीए की कक्षाएं संचालित की जानी प्रस्तावित है। कुलपति ने कहा कि विवि मुख्यालय परिसर क्षेत्र में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दोनों विषयों की कक्षाओं को संचालित की जाएगी। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को सौंदकोटी स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक के भवन में स्थानांरित किए जाने की प्रक्रिया गतिमान है। विधायक ने उक्त मामले को जल्द निस्तारित करने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को फोन कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

# सैन्य धाम बनना उत्तराखंड के लिए सौभाग्य की बातः निशंक



हरिद्वार। सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि सैन्य धाम बनना उत्तराखंड के लिए सौभाग्य की बात है। उत्तराखंड में सैन्य धाम बनना न सिर्फ उत्तराखंड बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का विषय है। यह बात उन्होंने हरकी पैड़ी पर पूजन के दौरान कही। देहरादून में बनने वाले सैन्यधाम के लिए प्रदेश की सभी नदियों का जल एकत्रित किया जा रहा है। शनिवार को हरिद्वार में भी पूर्व सैनिकों ने हरकी पैड़ी ब्रह्मकुंड पर गंगा पूजन किया और ब्रह्मकुंड से गंगा जल भरकर देहरादून के लिए रवाना किया। सांसद रमेश पोखरियाल निशंक ने बताया कि उत्तराखंड की 16 पवित्र नदियों के जल से सैन्य धाम का पूजन किया जाएगा। बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक हरिद्वार स्थित हरकी पैड़ी से गंगाजल लेकर देहरादून रवाना हुए। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी एवं पुनर्वास अधिकारी मेजर करन सिंह (सेनि.) ने अवगत कराया कि प्रधानमंत्री की परिकल्पना के अनुरूप देहरादून में पांचवें धाम के रूप में अमर जवान ज्योति का निर्माण कार्य प्रगति पर है। तीन जुलाई को सैन्य धाम में अमर जवान ज्योति का निर्माण प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है। इस दौरान पूर्व सैनिक बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे।



# शहीद मेजर दुर्गामल्ल की 110वी जयंती मनाई

रुड़की। आजाद हिंद फौज के जांबाज शहीद मेजर दुर्गामल्ल की 110वी जयंती पर उन्हें याद किया गया। उनकी प्रतिमा पर गोरखा समाज ने माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। गणेशपुर पुल पर आयोजित कार्यक्रम में गोरखा समाज के अध्यक्ष जसवंत सिंह थापा के नेतृत्व में समाज के प्रबुद्ध नागरिकों ने फूलमाला पहनाकर श्रद्धांजलि दी। अध्यक्ष जसवंत सिंह थापा ने कहा कि शहीद मेजर दुर्गामल ने देश के लिए कुर्बानी दी। उनकी कुर्बानी को हमेशा याद किया जाएगा। उनके जीवन परिचय के बारे में बताया गया। कहा कि गोरखाओं के लिए उनकी निशानी नहर किनारे चौक पर स्थित है। वह उत्तराखंड के लिए गौरव का प्रतीक है।

## युवक को घसीटता हुआ ले गया ट्रक चालक

हरिद्वार। पिछले दिनों हुई सड़क दुर्घटना के मामले में रानीपुर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गंभीर रूप से घायल युवक का इलाज दिल्ली के एक अस्पताल में चल रहा है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

कोतवाली रानीपुर में मुकदमा दर्ज कराते हुए राजन पुत्र भारत सिंह निवासी मंगोलपूर राजपार्क दिल्ली ने बताया कि उसका भाई विपिन 26 जून को सलेमपुर के पास प्रधान होटल के सामने से सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे एक ट्रक चालक को उसके भाई ने रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने रोकने की बजाय उसके भाई को चपेट में ले लिया।

# श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर निर्माण कार्यों में तेजी लाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : बद्रीनाथ धाम को दिव्य और भव्य स्वरूप प्रदान करने और यात्री सुविधाओं के विकास हेतु बदरीनाथ महायोजना का काम रात दिन जारी है। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शनिवार को बद्रीनाथ पहुंच कर मास्टर प्लान के अन्तर्गत संचालित कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।



जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि श्रमिकों की संख्या बढाते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाना सुनिश्चित करें। निर्माण कार्यों के लिए जरूरी सामान पहले से मंगवा कर रखा जाए। लूप रोड, आईएसबीटी, शेष नेत्र व बद्रीश झील किनारे कोबलस्टान और इंटर लांकिग टाइल्स विछाने का काम शीघ्र पूरा करें। नदी के दूसरी तरफ निर्माण सामग्री व मशीनें पहुंचाने के लिए नदी पर वैकल्पिक मार्ग जल्द से जल्द तैयार करें, ताकि दोनों तरफ से रिवरफ्रंट डेवलपमेंट और नए पुलों का तेजी से निर्माण किया जा सके। इस दौरान जिलाधिकारी ने रिवरफ्रंट डेवलपमेंट, आईएसबीटी, लेक डेवलपमेंट, सिविक एमीनिटी सेंटर, अराइवल प्लाजा, अस्पताल विस्तारीकरण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूरा किया जाए। लोनिवि के अधीक्षण अभियंता राजीव शर्मा ने संचालित कार्यों की प्रगति के संबध में जानकारी दी। इस दौरान एसडीएम कुमकुम जोशी, पीआईयू के अधिक्षण अभियंता विपुल सैनी, गावर कंपनी के प्रोजेक्ट निदेशक पीएल सोनी, सहायक अभियंता सनी पालीवाल, तहसीलदार रवि शाह, ईओ सुनील पुरोहित एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं

चमोली : कर्णप्रयाग के विधायक अनिल नौटियाल ने नगर मुख्यालय पर भ्रमण कर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। महाजनसंपर्क अभियान के दौरान आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने लोगों से राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। जनसंपर्क के दौरान विधायक अनिल नौटियाल ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना स्वास्थ्य के क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी योजना है। जिससे साढ़े चार करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित हो रहे हैं। यही नहीं स्वास्थ्य के क्षेत्र में मेडिकल कालेज, एम्स सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास को सरकार की उपलब्धित बताया। नौटियाल ने महिलाओं के लिए मातृबंदन योजना, उज्ज्वला, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास, सात लाख तक की आयकर में छूट, मेट्रो, कोरोना वैक्सीन सहित राज्य सरकार की कई योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान नगर अध्यक्ष सुभाष चमोली, महामंत्री चेतन मनोड़ी, उपाध्यक्ष आलम सिंह, पूर्व जिपंस लक्ष्मी जोशी, हेमंत सेमवाल, सांसद प्रतिनिधि मनोरमा नैनवाल, शशि खंडूड़ी, धीरेंद्र भंडारी, वी. राम आर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद डिमरी आदि शामिल थे। (एजेंसी)

### आभूषण नगदी समेत आरोपी गिरफ्तार

चमोली : कर्णप्रयाग कोतवाली पुलिस ने चोरी की एक बड़ी घटना का खुलासा करते हुए चोरी किए आभूषणों, नगदी सहित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपाधीक्षक अमित कुमार सैनी ने बताया कि 25 जून को दिव्या कनवासी पत्नी प्रशान्त कनवासी निवासी गौचर ने कोतवाली कर्णप्रयाग पर आकर तहरीर देकर बताया कि 14 जून से 23 जून तक वह अपने परिवार के साथ घर से बाहर थी। इस दौरान उनके घर में अज्ञात चोरों ने उनके सोनें के आभूषण मंगल सूत्र, अंगूठी व नथ चोरी कर लिए हैं। पुलिस उपाधीक्षक कर्णप्रयाग अमित कुमार सैनी ने बताया कि पुलिस टीम ने शनिवार को आईटीबीपी गौचर के पास बने प्रतिक्षालय से सुमित खत्री निवासी ग्राम इशाला जिला रुद्रप्रयाग हाल निवासी मोहिनी लॉज कर्णप्रयाग को चोरी किये गए आभूषणों सहित गिरफ्तार किया गया। (एजेंसी)

# नौकरी लगाने के नाम पर 8.50 लाख की घोखाधड़ी




देहरादून। फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया(एफसीआई) में नौकरी लगाने के नाम पर दून निवासी व्यक्ति से 8.50 रुपये की धोखाधड़ी की गई। कैंट पुलिस ने मामले में पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, नितिश कुमार निवासी टपकेश्वर कॉलोनी गढ़ी कैंट ने तहरीर दी कि उसकी पहचान भारती अधिकारी से अपने मामा सुनील कुमार के घर पर हुई थी। भारती ने बताया कि उसके पति शोमिंद्र अधिकारी ओएनजीसी जोधपुर में कार्यरत हैं। उन्होंने कई लोगों की नौकरी लगवाई हैं। नौकरी की उम्मीद में नितिश ने महिला से पूरी जानकारी ली। महिला ने बताया कि एफसीआई में उनकी नौकरी लगवा दी जाएगी। कुछ दिन बाद आरोपियों ने नौकरी के लिए आवेदन करने के लिए कहा। बताया गया कि कुछ पैसे सिक्योरिटी के रूप में जमा करने होंगे, जो बाद में जीवीएफ के माध्यम से वापस मिल जाएंगे। नितिश ने बताया कि उन्होंने 21 नवंबर 2019 को शैफाली अधिकारी के बैंक खाते में एक लाख रुपये जमा कराए। एक महीने बाद इनरोलमेंट के नाम पर 1.50 लाख रुपये लिए गए। चेतावनी दी कि पैसे जमा नहीं कराए तो आवेदन निरस्त हो जाएगा। 12 दिसंबर 2019 को फिर 1.50 लाख रुपये जमा कराने को कहा। ऐसा करते–करते नकद और खातों में कुल 8.50 लाख रुपये लिए गए। कुछ दिन बाद आरोपियों ने आईडी कार्ड देकर बताया कि नौकरी मिल गई है। आगे ट्रेनिंग के लिए दिल्ली जाना होगा। दिल्ली जाने के बाद बताया गया कि ट्रेनिंग मुंबई में हो रही है। मुंबई पहुंचे तो इस दौरान 2020 में कोरोना के कारण वापस घर भेज दिया गया। बताया गया कि लॉकडाउन के बाद ट्रेनिंग होगी। बाद में उन्होंने संबंधित विभाग में नियुक्ति के बाबत जानकारी ली तो पता चला विभाग की ओर से किसी को ट्रेनिंग नहीं दी जा रही है। आरोप लगाया कि भारती अधिकारी, शोमिंद्र अधिकारी, शैफाली अधिकारी, अनिल भट्ट और नेमी भट्ट ने षड्यंत्र रचकर उनके रुपये हड़पे।

## सर्विस सेंटर में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

देहरादून। नेहरू कॉलोनी पुलिस ने एक सर्विस सेंटर में चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से चोरी का सामान बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार, महिंद्रा सर्विस के मैनेजर दिलीप सिंह गुसाईं ने तहरीर दी थी कि 25 जून को अनुज पाल द्वारा सर्विस सेंटर से वाहनों के पार्ट्स चोरी किए गए हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू की और शनिवार अनुज पाल पुत्र सत्य प्रकाश निवासी रेशम माजरी थाना डोईवाला को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर करीब 1.20 लाख रूपये की कीमत का चोरी का सामान बरामद किया गया है।

## रणजीत सिंह सेन ने देहदान कर कायम की मिसाल

देहरादून। किद्दूवाला रायपुर निवासी रणजीत सिंह सेन ने दधीचि देहदान समिति के समक्ष नेत्रदान, अंगदान व देहदान का संकल्प पत्र भरा है। भारतीय सेना के उत्कृष्ट पैरा कमांडो रहे रणजीत सिंह सेन ने भारत पाक के 1965 के युद्ध में भाग लिया था। उस समय उनकी उम्र 27 साल थी। वह युद्ध में बुरी तरह घायल हुए थे।

दृढ़ इच्छाशक्ति से स्वस्थ होकर उन्होने दुबारा पैरा कमांडो में काम किया और अपने समय से सेवानिवृत्त हुए। रणजीत सिंह आज भी बिना चश्मे के अखबार पढ़ते हैं। उनके मुताबिक अंगदान, देहदान की प्रेरणा उन्हें अंतरात्मा से मिली।

## कांवड़ मेले को लेकर नगर आयुक्त ने दिए व्यवस्था बनाने के निर्देश

हरिद्वार। कांवड़ मेले की तैयारी को लेकर नगर आयुक्त दयानंद सरस्वती ने सीसीआर में नगर निगम के स्वास्थ्य अनुभाग एवं अन्य अनुभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक की। नगर आयुक्त ने नगर निगम के लिपिकों की तैनाती भी कांवड़ मेले के दौरान अलग–अलग स्थानों पर व्यवस्था बनाने में करने के निर्देश दिए। सभी लिपिकों को अलग अलग तीन पाली में मेला क्षेत्र में लगाने के साथ व्यवस्थाओं पर नजर रखने एवं किसी प्रकार की कमी मिलने पर कंट्रोल रूम में उसकी सूचना देने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त दयानंद सरस्वती ने कहा कि कांवड़ मेले पर रखे गए छह सौ अस्थायी कर्मचारियों की तैनाती पंतदीप, रोड़ीबेलवाला, चमगादड़ टापू, लालजी वाला, बैरागी कैंप, कांवड़ पटरी, जटवाड़ा पुल क्षेत्र में रहेगी। नगर आयुक्त ने सभी अस्थायी छह सौ सफाई कर्मचारियों की तैनाती तीनों पाली में रोस्टर के अनुरूप करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि नगर निगम के लिपिकों को गंदगी, पॉलीथिन के प्रयोग की रोकथाम, पथ प्रकाश व्यवस्था, बारिश के दौरान जलभराव और कूड़ा वाहनों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था मिलने पर नगर निगम लिपिक इसकी सूचना कंट्रोल रूम में देंगे। जिससे की व्यवस्थाओं में जल्द से जल्द सुधार किया जा सके।

## जिम कार्बेट में कॉटेज बनाए जाने की जांच होः गरिमा दसौनी

देहरादून। जिम कार्बेट पार्क में 18 कॉटेज बिक्री के लिए उपलब्ध बताने वाले वीडियो को लेकर कांग्रेस ने भाजपा नेता पर हमला बोला है। कांग्रेस मुख्य प्रवक्ता गरिमा दसौनी ने आरोप लगाया है कि उक्त प्रापर्टी डीलर दिल्ली भाजपा का बड़ा नेता है, जो उत्तराखंड में कई जगह प्रापर्टी बेच रहा है। शनिवार को कांग्रेस भवन में मीडिया से बातचीत में मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने कहा कि उक्त रियल एस्टेट कंपनी का संस्थापक, दिल्ली भाजपा का प्रमुख चेहरा है। इसी कंपनी के ट्वीटर हैंडल से जारी वीडियो में जिम कार्बेट पार्क में 18 कॉटेज बिक्री के लिए उपलब्ध होने का दावा किया गया है। इसमें टू बीएचके के कॉटेज की कीमत 68 लाख बताई गई है। गरिमा के मुताबिक प्रदेश सरकार को इस मामले की जांच कराते हुए, सुनिश्चित करना चाहिए कि इसमें सरकारी भूमि शामिल न हो। यदि यह जिम कॉर्बेट के अंदर है तो निर्माण कैसे हुआ यह भी जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े पैमाने पर व्यावसायिक निर्माण से पार्क के पर्यावरण को नुकसान पहुंचना तय है। गरिमा के मुताबकि उक्त कंपनी उत्तराखंड में हरिद्वार सहित अन्य जगह भी प्रापर्टी बेच रही है। दसौनी ने कहा कि लैंड जिहाद का मुद्दा उछालने वाली सरकार यदि वास्तव में गंभीर है तो उसे हिमाचल की तज पर सख्त भू कानून लागू करना चाहिए।

## गढ़वाली–कुमाऊंनी को आठवी अनुसूची में लाने को सीएम से मुलाकात

देहरादून। उत्तराखंड लोकभाषा साहित्य मंच दिल्ली ने सीएम पुष्कर सिंह धामी से दून में मुलाकात कर गढ़वाली–कुमाऊंनी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने का प्रस्ताव विधानसभा में पास करवा कर केन्द्र को भेजने की मांग की है। मंच समन्वयक अनिल पंत ने बताया कि मंच गढ़वाली कुमाऊंनी बोली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की दिशा में लगातार प्रयास कर रहा है। इस कड़ी में दून में प्रतिनिधिमंडल ने सीएम समेत भाषा मंत्री सुबोध उनियाल, डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला समेत कई विधायकों से मुलाकात की और मांग पत्र सौंपा।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर दून में कर्मचारियों का प्रदर्शन



देहरादून। पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर राष्ट्रीय संयुक्त कार्यवाही परिषद के आह्वान पर केंद्र और राज्य के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। आक्रोशित कर्मचारियों ने चेताया कि यदि उनकी एक सूत्रीय मांग पूरी नहीं हुई तो दस अगस्त को संसद का घेराव करेंगे। इस दौरान डीएम के माध्यम से पीएम को ज्ञापन भी भेजा। शनिवार को रेलवे, आयकर कर्मचारी महासंघ, आयुध निर्माण संघ, शिक्षक संघों से जुड़े कर्मचारी रेलवे स्टेशन पर स्थित नार्दन रेलवे मेंस यूनियन के दफ्तर में एकत्र हुए। यहां हुई बैठक में केंद्रीय सरकारी कर्मचारी संयुक्त परामर्श समिति (जेसीएम) के राष्ट्रीय महामंत्री कामरेड शिव गोपाल मिश्रा ने कहा कि नई पेंशन योजना के तहत कर्मचारियों को जो पेंशन मिल रही है वह नगण्य है। कर्मचारियों को पुरानी पेंशन की बहाली के लिए एकजुट होना होगा और तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा, जब सरकार पुरानी पेंशन बहाल नहीं करती। इसके बाद कर्मचारियों ने रेलवे स्टेशन परिसर से जुलूस शुरू किया, जो प्रिंस चौक, तहसील चौक होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचा, यहां केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर डीएम के माध्यम से पीएम ज्ञापन भेजा। इस मौके पर ऑल इंडिया डिफेंस इंपलाइज फेडरेशन के जगदीश छिमवाल, ऑल इंडिया रेलवे फेडरेशन के नरेश गुरुंग, इनकम टैक्स इंपलाइज फेडरेशन के विरेंद्र कुमार, राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के बीपी सिंह रावत, सीताराम पोखरियाल, नरमू के पूर्व शाखा सचिव उग्रसेन सिंह, अशोक शर्मा, विनय मित्तल, प्रमोद पाठक, मंगल सिंह, राज सिंह पुंडीर, धीरेंद्र मित्तल, राजेश चौबे आदि मोजूद रहे।

# रिटायर ब्रिगेडियर ने अंग्रेजी के दोहे में किया गीता का अनुवाद

देहरादून। भारतीय दर्शन में कर्मयोग के सबसे बड़े ग्रंथ गीता को आप इंग्लिश में भी पढ और गुन सकते हैं। और वो भी राइम्स या यूं कहिए दोहों के रूप में। गीता के 18 अध्याय और 700 श्लोंक को सरल व रोचक अंग्रेजी मे अनुवाद ब्रिगेडियर केजी बहल (सेनि) ने किया है। अपना पूरा सेवाकाल इंजीनियरिंग कोर में रहते हुए सैनिकों के लिए पुल, अस्पताल, दफ्तर, रास्ते बनाते रहे ब्रिगेडियर बहल ने 28 साल पहले एक सीनियर के व्यंगात्मक कमेंट से प्रेरित होकर गीता का अंग्रेजी में अनुवाद का मिशन लिया था। जो कि अब जाकर पूरा हुआ है।

ब्रिगेडियर बहल की अनुवादित गीता तीन रूपों में है। पहला गीता का मूल संस्कृत का श्लोक। उसके साथ में रोमन में अनुवाद। और तीसरे रूप में बहल की अपनी भाषाई मेहनत है। इसमें उन्होंने प्रत्येक श्लोक को अंग्रेजी में एक लय में तैयार किया है। इसे गाया भी जा सकता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1995 में एक सीनियर जनरल से मुलाकात के दौरान मेरे बेटे से गीता के बारे में कुछ सवाल किया। तो बेटा जवाब नहीं दे पाया। तो जनरल साहब ने कहा कि यह संस्कार देने की जिम्मेदारी तो अभिभावकों की होती है। बस यही बात मेरे दिल को चुभ गई। बकौल ब्रिगेडियर बहल उसके बाद से मैंने गीता का अध्ययन शुरू कर दिया। संस्कृत की बारीकियों को समझा।

## पूर्व सैनिकों में आक्रोश

देहरादून। सोशल मीडिया पर पूर्व सैनिकों की मनमानी बयानबाजी पर रोक लगाने के आदेश से पूर्व सैनिकों में आक्रोश है। पूर्व सैनिक संगठनों के पदाधिकारियों ने आदेश की निंदा की। कहा कि पूर्व सैनिकों की मांगों को पूरा करने के बजाय उनकी आवाज को दबाने का काम किया जा रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने जो आदेश जारी किया है वह पूर्व सैनिकों पर लागू नहीं होता, पूर्व सैनिक अपने अधिकारों के लिए लड़ाई जारी रखेंगे और हर मंच से अपनी आवाज को बुलंद करने का काम करेंगे।

# चार्टर्ड अकाउंटेंट विकास में निभा रहे अहम योगदानः राज्यपाल

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि.) गुरमीत सिंह ने कहा कि विकास में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स अहम भूमिका निभा रहे हैं। चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की बदौलत ही भारत जल्द विश्व की नंबर वन अर्थव्यवस्था होगा। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य कर रहे सीए को सम्मानित किया। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया(आईसीएआई) के प्लेटिनम जुबली वर्ष पर देहरादून शाखा की ओर से शनिवार को सुभाष रोड पर आयोजित समारोह में राज्यपाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। परशुराम चतुर्वेद विद्यालय के छात्रों ने वैदिक मंत्रों से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राज्यपाल ने कहा कि चार्टर्ड एकाउंटेंट बंद कमरे में बैठकर देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं। कोरोना काल में जब पूरी विश्व की व्यवस्था लड़खड़ा गई थी, तब भी भारत की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ रही थी। देहरादून शाखा के अध्यक्ष ने संजय मुनियाल ने बताया एक चार्टर्ड एकाउंटेंट फाइनेंसियल मैनेजमेंट, टैक्स लीगल मैटर्स का विशेषज्ञ होता हैं। वह बिजनेस, फाइनेंसियल इंस्टिट्यूट, गवर्नमेंट और अन्य संगठनों में अहम रोल अदा करते हैं। इस दौरान सीए यशस्वी अग्रवाल ने गिटार पर हिंदी और देश भक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुति की।

# ..तो क्या बदल जाएगा पर्यटन नगर लैंसडौन का नाम, जसवंत गढ़ रखने का प्रस्ताव

### बोर्ड ने लैंसडौन का नाम बदलकर जसवंत गढ़ करने संबंधी प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय को भेजा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : ..तो क्या अब पर्यटन नगर लैंसडौन का नाम बदल जाएगा। दरसअल, लैंसडौन कैंट ने लैंसडौन का नाम बदलकर जसवंत गढ़ किए जाने संबंधी प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय को भेजा है। जबकि, लैंसडौन वासी लंबे समय से कैंट एक्ट से छुटकारा पाने की मांग उठा रहे हैं।

पर्यटन नगर के रूप में देश-विदेश में पहचान बना चुके लैंसडौन का नाम बदलने की कवायद शुरू हो गई है। कुछ दिन पूर्व तीन सदस्यीय तदर्थ बोर्ड ने लैंसडौन का नाम बदल कर जसवंत गढ़ किए जाने संबंधी प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय में भेजा है। जबकि, क्षेत्रीय जनता लंबे समय से कैंट एक्ट से छुटकारा पाने की मांग कर रही है। जनता हमेशा ही लैंसडौन का नाम बदले जाने के विरोध में रही है और यही स्थिति आज भी यथावत है। नगर का नाम बदलने की कोशिश इससे पूर्व भी कई बार हो चुकी हैं। लेकिन, जनविरोध के चलते यह कोशिशें परवान नहीं चढ़ पाई। पर्यटन नगरी लैंसडौन का स्वरूप पूर्ण रूप से कैंट शासित है। यही कारण है कि नगर में विकास का पहिया चलने से पहले ही जाम पड़ा है। आर्थिक तंगी से जूझ रहे कैंट बोर्ड की कमर बजट कटौती के चलते पूरी तरह टूट चुकी है। विभाग में तैनात नियमित कर्मचारियों समेत संविदा कर्मचारियों को जहां वेतन तक देने के लाले पड़े हुए है। वहीं, विकास योजनाएं फाइलों में ही दम तोड़ रही हैं। नगर की टूटी सड़कें कैंट बोर्ड की स्थिति बयां करती हैं। बीते कुछ वर्षों में कोई बड़ी योजना शुरू करना तो दूर, शासन से बजट जारी होने के बावजूद लैंसडौन में पार्किंग की कैंट एक्ट की भेंट चढ़ गई। कैंट एक्ट की बाशिंदों ने लैंसडौन में पयालन को भी बढ़ावा दिया। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि नाम बदलने से लैंसडौन का पुराना वैभव कैसे लौटेगा?

### नाम बदलने से पहचान पर संकट

लैंसडौन का नाम पर्यटन के क्षेत्र में राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय पटल पर भी विख्यात है। यदि लैंसडौन का नाम बदला गया तो पर्यटन के क्षेत्र में लैंसडौन की पहचान पर संकट छा सकता है। लैंसडौन वासियों की माने तो लैंसडौन का नाम बदलने से पर्यटकों में भ्रम की स्थिति पैदा होगी, जिसका सीधा असर पर्यटन पर पड़ेगा।



पर्यटन नगर लैंसडौन

### पूर्व में भी हो चुके हैं नाम बदलने के प्रयास

लैंसडौन नगर का नाम बदलने के प्रयास पूर्व में भी हो चुके हैं। इससे पूर्व लैंसडौन का नाम बदलकर इसका पौराणिक नाम कालौडांडा करने की मांग ने भी जोर पकड़ा। इसे लेकर राज्य सरकार से लेकर केंद्र सरकार तक प्रस्ताव भेजे गए। जबकि हाल ही में सूबेदार बलभद्र सिंह नेगी के नाम पर भी लैंसडौन का नाम रखने की कवायद की गई। लेकिन हर बार जनविरोध के चलते सरकार को अपने कदम पीछे खींचने पड़े।

## संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होने का लिया संकल्प

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होने का संकल्प लिया है। इस दौरान जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

महानगर कांग्रेस की ओर से सिताबपुर रोड़ स्थित एक बारातघर के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस द्वारा अनुमोदित कोटद्वार जिला कांग्रेस की नई जिला कार्यकरिणी के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी, पूर्व विधायक शैलेंद्र सिंह रावत, पूर्व गढ़वाल सांसद प्रत्याशी मनीष खंडूड़ी, महापौर हेमलता नेगी व कांग्रेस आईटी सेल के प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी ने सामूहिक रूप से प्रदान किए। साथ ही नव नियुक्त जिलाध्यक्ष विनोद डबराल द्वारा मार्ग दर्शक मण्डल व स्थाई सदस्यों की सूची भी जारी की गई। इस दौरान वरिष्ठ नेताओं ने सभी कांग्रेस जनों को एक जुट होकर भाजपा की जनविरोधी, महिला एवम युवा विरोधी नीतियों का खुलासा करने का आह्वान करते हुए कहा कि जनता अब भाजपा की चाल को समझ गई है और केवल चुनावों का इंतजार कर रही है। इसलिए पार्टी को विजयी बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करना होगा। कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री विजय नारायण सिंह एवं जसबीर राणा, महिला जिलाध्यक्ष रश्मि पटवाल, जिलाध्यक्ष एससी प्रकोष्ठ ओमप्रकाश कोटला, महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुधा असवाल, महिला जिलाध्यक्ष एससी प्रकोष्ठ प्रीति देवी, पूर्व जिलाध्यक्ष डा. चन्द्र मोहन खर्कवाल, मनबर सिंह आर्य, सूरज प्रसाद और योगेंद्र सिंह बिष्ट सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कोटद्वार में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी

## एसबीआई डिजिटल दौर में ग्राहकों की उम्मीदों पर खरा उतरा

**पौड़ी।** भारतीय स्टेट बैंक ने शनिवार को अपना 68वां स्थाना दिवस धूमधाम से मनाया। शनिवार को बैंक परिसर को फूलों से सजाया गया। बैंक अफसरों ने बताया कि ग्राहकों के लिए लोन से लेकर अन्य योजनाओं डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई जा रही है। पौड़ी मुख्यालय की बैंक शाखा के मुख्य प्रबंधक शीश पाल ने कहा कि बैंक डिजिटल दौर में ग्राहकों की उम्मीदों पर खरा उतर रहा है और शहरी क्षेत्र के साथ ही ग्रामीण बैंकिंग को मजबूती देने और ग्राहकों को सुविधा देने के मकसद से बैंक ने ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी शाखाएं खोली है। मुख्य प्रबंधक के मुताबिक बैंक डिजिटल बैंकिंग में सबसे आगे है। इसके अलावा मुद्रा, स्टैंड अप इंडिया, पीएम आवास, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन योजना, पीएम रोजगार सृजन योजना आदि योजनाओं के जरिए लोग बैंक से लाभ उठा रहे हैं।

## विद्यार्थियों की सफलता पर जताई खुशी



प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडाउन में पिछले वर्ष नवंबर-दिसंबर में विभिन्न विषयों में राष्ट्रीय स्तर पर सिल्वर जोन ओलंपियाड तथा अखिल भारतीय राजभाषा हिंदी परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रधानाचार्य विजेंद्र दत्त सुन्द्रियाल ने बताया कि राजभाषा हिंदी परीक्षा में 25 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें ग्यारहवीं कक्षा की अंबिका रावत ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अंग्रेजी, गणित व विज्ञान रीजनिंग ओलंपियाड में विद्यालय के 18 विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक, 10 विद्यार्थियों ने रजत पदक तथा 9 छात्र छात्राओं ने कांस्य पदक प्राप्त किए। पांचवी कक्षा की सानवी ने रीजनिंग एप्टीट्यूड में राज्य स्तर पर दूसरा, नवीं कक्षा की नंदिता गुप्ता ने राज्य स्तर पर अंग्रेजी में पहला तथा विज्ञान में दूसरा व ग्यारहवीं कक्षा की सुरभि बौठियाल ने अंग्रेजी में राज्य स्तर पर प्रथम रैंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कहा कि इस प्रकार की पठ्य सहगामी गतिविधियों के आयोजन से विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का विकास होता है। उन्होंने छात्र–छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं भी प्रेषित की।

## कुलदीप अग्रवाल अध्यक्ष व प्रतिभा गुप्ता बनी सचिव

**कोटद्वार** : रोटरी क्लब कोटद्वार की एक बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से कुलदीप अग्रवाल को अध्यक्ष और प्रतिभा गुप्ता को सचिव मनोनीत किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने क्लब की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। क्लब के जनसंपर्क अधिकारी गोपाल चंद्र बंसल ने बताया कि नई कार्यकारिणी में कुलदीप अग्रवाल को अध्यक्ष, ऋषि ऐरन को उपाध्यक्ष, प्रतिभा गुप्ता को सचिव, डीपी सिंह को उपसचिव, सचिन गोयल को कोषाध्यक्ष, विजय कुमार माहेश्वरी जूनियर को सार्जेंट आर्म्स, अमित अग्रवाल को निदेशक क्लब सर्विस, धनेश अग्रवाल को वोकेशनल सर्विस, अनीत चावला को सामुदायिक सर्विस, अनुराग अग्रवाल को यूथ सर्विस, विपिन बक्शी को रोटरी फाउंडेशन सर्विस, संजीव अग्रवाल को वाटर कंसर्वेशन, गोपाल बंसल को पब्लिक इमेज, वाईपी गिलरा को क्लब काउंसलर और शरत चंद गुप्ता को क्लब ट्रेनर का दायित्व सौंपा गया। बताया कि वर्ष 2023-2024 के लिए मंडल 3100 के मंडलाध्यक्ष अशोक गुप्ता होंगे। इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष कुलदीप अग्रवाल व सचिव प्रतिभा गुप्ता ने क्लब के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के हित में कार्य करते हुए रोटरी के उद्देश्यों को जनमानस तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

## श्री डांडा नागराजा मंदिर में चल रहा विशाल भंडारा संपन्न

**जयन्त प्रतिनिधि**

**पौड़ी** : श्री डांडा नागराजा मंदिर में 4 जून से चल रहा विशाल भंडारा सम्पन्न हो गया है। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद लिया। मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमंद भगवत कथा के प्रारंभ से ही मंदिर में कथा श्रवण करने एवं मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया था।

श्री डांडा नागराजा धर्म क्षेत्र विकास समिति के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र देशवाल ने बताया कि 4 जून से श्रीमद् भगवत कथा आयोजन प्रारंभ से 30 जून तक मंदिर में दर्शन करने वाले सभी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशाल भंडारा आयोजित किया गया था। साथ मंदिर परिसर पांच वर्ष पहले निर्मित हनुमान मंदिर, नर सिंह मंदिर, शिव मंदिर, माता का मंदिर सहित सभी चारों मंदिरों की प्रतिमाओं को पुरोहितो द्वारा विधिवत स्नान कराकर उन्हें नए वस्त्र धारण कराकर पूजा पाठ व हवन किया गया। श्री देशवाल ने कहा कि श्री डांडा नागराजा धर्म क्षेत्र आज देश दुनिया में ख्याति अर्जित कर चुका है। इस सिद्धपीठ के दर्शन करने एवं आशीर्वाद लेने देश प्रदेश से हर रोज भारी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। श्री डांडा नागराजा मंदिर समिति एवं श्री डांडा नागराजा धर्म क्षेत्र विकास समिति का प्रयास रहता हैं कि वह श्रद्धालुओं को हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करवाये। उन्होंने बताया कि हाल में मंदिर समिति द्वारा मंदिर में भव्य आधुनिक धर्मशाला निर्माण करवाया गया। जिसमें सभी सुविधाए उपलब्ध है। बहुत कम शुल्क देकर श्रद्धालु धर्मशाला में निवास कर सकते हैं। श्रद्धालु के तौर पर पहुंचे प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष कमल रावत ने बताया कि उन्होंने पहले भी मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कोटद्वार पौड़ी से पूर्व की भांति बस सेवा लगाने की मांग की थी। उन्होंने देहरादून से ऋषिकेश, देवप्रयाग, उमरासू होकर डांडा नागराजा मंदिर होते हुए पौड़ी तक रोडवेज बस सेवा लगाने की मांग मुख्यमंत्री से करने की बात कही। इस अवसर पर श्री डांडा नागराजा मंदिर समिति के अध्यक्ष कमलेश चमोली, पुजारी गणेश देशवाल, नत्थी सिंह रावत, राजेंद्र प्रसाद बिजल्वान, वीरेंद्र प्रसाद भट्ट, मुकेश बिष्ट आदि का सहयोग रहा।



## सरकार पौड़ी की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं : नेगी

**पौड़ी** : जिला कांग्रेस कमेटी ने भारतीय जनता पार्टी के नौ साल बेमिसाल कार्यक्रम पर सवाल उठाए है। कहा कि पौड़ी शहर कई समस्याओं से जूझ रहा है, लेकिन भाजपा सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। जिस कारण शहर वासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि सरकार को समस्याओं के निस्तारण कैसे किया जा सके इस ओर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने शासन व प्रशासन से शहर की समस्याओं को हल करने की मांग उठाई है। शनिवार को आयोजित बैठक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद नेगी ने कहा कि भाजपा इन दिनों पूरे प्रदेश में नौ साल बेमिसाल कार्यक्रम चला रही है, लेकिन शहर में कई समस्याओं से शहर वासी परेशान है। सरकार इन समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार पौड़ी शहर की समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है। कहा कि पौड़ी के निर्माणाधीन बस अड्डे का 23 सालों से काम चल रहा है। अभी तक इसका निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। नगर पालिका प्रशासन कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था करने में नाकाम साबित हो चुकी है। नगर पालिका पौड़ी मुख्यधारा से भटक चुकी है। जिससे शहर वासियों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि शहर के जिला अस्पताल की स्थिति बदहाल बनी हुई है। इस मौके पर नगराध्यक्ष भरत सिंह रावत, मनमोहन सिंह, उपेंद्र रावत, गोपाल नेगी, युद्धवीर रावत, अर्जुन गोदियाल, अनीता रावत आदि शामिल रहे।

## प्रशासन ने ली सुध, राष्ट्रीय राजमार्ग से हटाया पेड़ का तना

### बदरीनाथ मार्ग मुख्य डाक घर के बाहर हवा में लटक रहा था तना

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : बदरीनाथ मार्ग मुख्य डाक घर के बाहर राष्ट्रीय राजमार्ग पर लटक रहे पेड़ के तने की आखिर प्रशासन ने सुध ले ही ली। शनिवार शाम एसडीआरएफ और नगर निगम ने सड़क की ओर से लटके पेड़ के तने को हटा दिया।

बदरीनाथ मार्ग पर मुख्य डाकघर के बाहर राष्ट्रीय राजमार्ग पर लटक रहा पेड़ का हिस्सा राह चलते लोगों के लिए खतरा बना हुआ है। सबसे अधिक दुघर्टनाओं का डर रात के समय बना हुआ है। क्षेत्रीय जनता पिछले एक सप्ताह से पेड़ के हिस्से को हटाने की मांग उठा रही थी। लेकिन, प्रशासन की नींद नहीं खुली। कुछ दिन पूर्व पेड़ के हिस्से की चपेट में आने से स्कूटी सवार एक महिला भी घायल हो गई थी। वहीं, शनिवार को एसडीआरएफ की टीम ने जेसीबी की मदद से उखाड़ कर उसे राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे रख दिया। इसके बाद नगर निगम की टीम ने पेड़ के इस हिस्से को हटाया और पेड़ हटाने के कारण हुए गड्ढे में मिट्टी भरान का कार्य किया।



कोटद्वार में राष्ट्रीय राजमार्ग पर मुख्य डाकघर के बाहर सड़क पेड़ को हटाती प्रशासन की टीम

## राहुल अध्यक्ष तो गुप्ता बनें सचिव

**श्रीनगर गढ़वाल** : रोटरी क्लब श्रीनगर की वर्ष 2022-23 कार्यकारिणी का कार्यकाल 30 जून को पूर्ण हो गया है। शनिवार एक जुलाई को सभी सदस्यों की सहमति से वर्ष 2023-24 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें रो. राहुल कपूर को अध्यक्ष, डॉ. केके गुप्ता को सचिव और संजय रावत को कोषाध्यक्ष चुना गया। नव नियुक्त अध्यक्ष राहुल कपूर ने बताया कि रोटरी क्लब श्रीनगर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूर्ण प्रयासों के साथ अधिक से अधिक सामाजिक कार्यों मे अपना योगदान देता रहेगा। उन्होंने कहा कि पूरी टीम को साथ लेकर जन हित के कार्यों को किया जाएगा। क्लब द्वारा अध्यक्ष की जिम्मेदारी दिए जाने पर उन्होंने सभी सदस्यों व पदाधिकारियों का आभार जताया। (एजेंसी)

## धुमाकोट महाकौथिग को राजकीय मेला घोषित करने की मांग

### धुमाकोट महाकौथिग समिति ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भेजा पत्र

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : धुमकोट महाकौथिग समिति ने मुख्यमंत्री से धुमाकोट महाकौथिग को राजकीय मेला घोषित करने की मांग की है। कहा कि गढ़वाल की संस्कृति व सभ्यता को बचाने के लिए गंभीरता से कार्य किया जाना चाहिए। ग्रामीण पिछले कई वर्षों से महाकौथिग को राजकीय मेला घोषित करने की मांग उठा रहे हैं।

महाकौथिग के आयोजक महिपाल सिंह रावत और कुलदीप सिंह रावत ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में बताया कि गत 17, 18 जून को नैनीडांडा ब्लॉक के धुमाकोट में महाकौथिग का आयोजन किया गया था। महाकौथिग के दौरान पहली बार क्षेत्र के सभी होटल, गेस्ट हाउस और बाजार के रेस्तरां पूरी तरह से भर गए थे, जिससे स्थानीय लोगों की अच्छी कमाई हुई। गांव के कलाकारों को बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिला। बताया कि महाकौथिग को राजकीय मेला घोषित होने पर इसे वृहद रूप दिया जा सकता है, जो प्रवासियों को गांव में लाने और क्षेत्र के विकास के लिए लाभकारी होगा।

## शासन के समक्ष उठाएंगें वीर नारियों की समस्याएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : आठवीं गढ़वाल राइफल्स के पूर्व सैनिक व वीर नारियों की ओर से राइफल्स का 75वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान वीर नारियों के साथ ही पूर्व सैनिकों की समस्या को शासन के समक्ष उठाने का निर्णय लिया गया।

स्थापना दिवस मानपुर स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि आठवीं गढ़वाल राइफल्स का गौरवमयी इतिहास रहा है। देश के लिए राइफल के वीर जवानों द्वारा दिए गए योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

मौके पर बटालियन की वीरनारियों की समस्याओं को शासन प्रशासन तक पहुंचाने और समस्या के हल के प्रयास करने संबधी प्रस्ताव पास किया गया। ताजबर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में धीरज सिंह, जीत सिंह, राजे सिंह, महेंद्र पाल सिंह रावत, सोबन सिंह, बिरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, पीतांबर दत्त और महावीर सिंह सहित अन्य पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

# एलआर साह रोड पर शाम को लग रहा जाम



अल्मोड़ा : नगर के एलआर साह रोड पर आजकल सायंकाल में जाम लग रहा है। सायं साढ़े आठ बजे वन वे व्यवस्था समाप्त होने के बाद लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जाम से वाहन चालकों, पर्यटक एवं आम जनता सभी को दिक्कतें हो रही है। नगर की एलआर साह रोड पर रात के समय जाम लगना रोज की बात हो गई है। दिन भर यह मार्ग वन वे रहता है लेकिन रात आठ बजे बाद इस मार्ग पर दोनों तरफ से आवाजाही शुरू हो जाती है।

दिन में एलआर साह रोड से चौपहिया वाहन नगर क्षेत्र में एनटीडी से प्रवेश कर सकते हैं और यह मार्ग चौपहिया वाहनों के लिए सुबह आठ से सायं साढ़े आठ बजे तक वन वे है। सायं साढ़े आठ बजे बाद जब यह मार्ग खुल जाता है तो यहाँ से एनटीडी को जाने वाले वाहनों की कतार लग जाती है। दूरी कम होने के चलते कई वाहन चालक वन वे समाप्त होने की प्रतीक्षा करते हैं और इसी मार्ग से जाना पसंद करते हैं। पर्यटक सीजन के चलते शहर में वाहनों का दबाव भी बढ़ा है। एलआर साह रोड संकरी है और किनारे पर दो पहिया वाहन भी पार्क किए हुए रहते हैं जिससे दोनों तरफ चौपहिया वाहन आ गए तो पास लेने को जगह नहीं मिल पाती और जाम लग जाता है। जाम लगने से राह चलने वाले राहगीर और आम जनता को भी दिक्कतें उठानी पड़ रही है यदि कभी आपात स्थिति हुई तो उसमें एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को आने जाने की जगह नहीं मिली तो किसी भी प्रकार की हानि हो सकती है। पुलिस प्रशासन को इस समस्या का समाधान निकालना चाहिए जिससे आने जाने वालों को दिक्कत न हो और समस्या का समाधान हो सके। (एजेंसी)

## चीतल के मांस के साथ दो आरोपी पकड़े

रुद्रपुर : सुरई वन रेंज में चीतल के मांस के साथ दो आरोपी पकड़े गए। आरोपियों पर वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को रेंज अधिकारी आरएस मनराल के निर्देश पर डिप्टी रेंजर के नेतृत्व में टीम गश्त पर थी। टीम को कक्ष संख्या 20 में दो संदिग्ध लोग दिखाई दिए। रोकने पर दोनों भागने लगे। टीम ने घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया। तलाशी लेने पर एक आरोपी संदीप राणा के पास से दो किलो और निखिल राणा निवासी ऊंची महुवट के पास से एक किलो चीतल का मांस बरामद हुआ। टीम आरोपियों को वन रेंज कार्यालय लेकर आई। आरोपियों पर वन्य जीव संरक्षण की धारा 9/51 के तहत कार्रवाई की जा रही है। रेंज अधिकारी मनराल ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने चीतल जंगल से मरा हुआ मिलना बताया है।



# गैस सिलिंडर से लगी आग, कारीगर झुलसा

अल्मोड़ा : नगर में सुबह जलेबी की एक दुकान में गैस लीक होने से सिलिंडर में आग लग गई। इससे वहां काम कर रहा कारीगर झुलस गया, उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिला अस्पताल में भर्ती कारीगर को इलाज हेतु हायर सेण्टर रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार यह हादसा कारखाना बाजार में मशहूर केशव हलवाई की दुकान में हुआ। सुबह के समय हुए इस धमाके से आसपास के लोग दहशत में आ गए। कहा जा रहा है कि कड़ाही में दूध उबल रहा था कि अचानक सिलिंडर फट गया। गनीमत रही कि सिलिंडर में गैस कम थी, नहीं तो हादसा बड़ा रूप धारण कर सकता था। (एजेंसी)

# बारिश बनी लोगों के लिए परेशानी का सबब



चम्पावत : चम्पावत में बीते शुक्रवार सायं से शुरू हुआ बारिश का दौर शनिवार दोपहर तक जारी रहा। लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इससे लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

बारिश की वजह से लोग घरों में रहने को मजबूर हो गए। चम्पावत में हुई लगातार बारिश लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई। यहां शुक्रवार सायं करीब साढ़े छह बजे से बारिश शुरू हुई। तेज बारिश से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बारिश ने शुक्रवार शाम को गोलज्यू मेले में चल रही व्यापारिक गतिविधियों पर भी खलल डाला। तेज बारिश की वजह बड़ी संख्या में लोग बगैर खरीदारी के घरों को लौटने को मजबूर हुए। इससे बाहरी क्षेत्रों से आए व्यापारियों के व्यापार में असर पड़ा। रात भर हल्की बारिश जारी रही। शनिवार सुबह भी बारिश ने थमने का नाम नहीं लिया। इस वजह से ग्रामीण क्षेत्रों से लोग बेहद कम संख्या में बाजार पहुंचे। इससे बाजार में सुनसानी छाई रही। बाजार में सुनसानी छाने से व्यापारी मायूस दिखाई दिए।

## दिल्ली की फ्लाइट नहीं हो सकी लैंड

रुद्रपुर : इंडिगो की दिल्ली से पंतनगर आने वाली फ्लाइट कम दृश्यता के चलते लैंड नहीं हो सकी। इसके चलते यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दिल्ली से शनिवार को 47 यात्रियों को लेकर इंडिगो की फ्लाइट अपने समय सुबह 8.15 बजे पंतनगर के लिए रवाना हुई। फ्लाइट पंतनगर अपने सही समय सुबह 9.15 बजे आ गई, लेकिन कम दृश्यता के चलते फ्लाइट कुछ देर तक एयरपोर्ट के ऊपर उड़ती रही और फिर दिल्ली के लिए वापस लौट गई। इससे फ्लाइट में बैठे यात्री पंतनगर नहीं उतर सके। साथ ही पंतनगर से जाने वाले 70 यात्री फ्लाइट न उतरने से दिल्ली को नहीं जा सके। इंडिगो ने दिल्ली जाने वाले कुछ यात्रियों को टैक्सी से उनके गंतव्य तक पहुंचाने की व्यवस्था की, जबकि कुछ यात्रियों ने अपनी सुविधानुसार यात्रा की। (एजेंसी)

# साईबर अपराध पुलिस के लिए बना चुनौती



अल्मोड़ा : अल्मोड़ा लिटरेचर फेस्टिवल के अंतर्गत अशोक कुमार, पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड की बहुचर्चित पुस्तक साइबर एनकाउंटर्स पर परिचर्चा हुई। कार्यक्रम में पुस्तक के लेखक पुलिस महानिदेशक, उत्तराखंड अशोक कुमार के साथ ममता बिष्ट के संचालन में वर्तमान परिदृश्य में साइबर अपराधों की बढ़ती चुनौतियों के साथ ही पुस्तक के विभिन्न पहलुओं और वर्तमान में इसकी उपयोगिता के संबन्ध में चर्चा की। इस दौरान अशोक कुमार ने साइबर सुरक्षा से सम्बन्धित लोगों के विभिन्न प्रश्नों के उत्तर भी दिए। कार्यक्रम में लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। पुस्तक के लेखक पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने साइबर अपराध से जुड़ी अनेक घटनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइबर अपराध से बचाव के लिए हमें किस प्रकार सतर्क रहना चाहिए। साइबर अपराध और उससे पार पाने के लिए हमारे सामने क्या चुनौतियां हैं, इसकी भी उन्होंने जानकारी दी। इस मौके पर अशोक कुमार ने बताया कि आज साईबर अपराध पुलिस के लिये चुनौती बन गया है, जनता को भी जागरुक व सतर्कता के साथ साथ सहयोग करना चाहिये। यहाँ आयोजित कार्यक्रम में आईजी कुमाऊँनीलेश आनंद भरणे, एसएसपी अल्मोड़ा रामचन्द्र राजगुरु, सीओ ऑपरेशन ओशिन जोशी, सीओ रानीखेत, सीओ संचार राजीव कुमार टम्टा, कोतवाल अरुण कुमार सहित पुलिस कर्मी व बार एसोसिएशन अध्यक्ष शेखर लखचौरा, बीएस मनकोटी, अल्मोड़ा लिटरेचर फेस्टिवल के आयोजक आदि सहित नगर के युवा व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। (एजेंसी)

## एक नजर

### नौकरी के नाम पर ठगी धनराशि वापस दिलाई

पिथौरागढ़ : नौकरी के नाम पर ठगे गए छह पीड़ितों को पुलिस ने धनराशि वापस कराई है। अभी भी कई पीड़ित अपनी धनराशि वापस पाने के इंतजार में हैं। पुलिस का कहना है कि संबंधित मामलों में भी कार्रवाई की जा रही है। एसपी पिथौरागढ़ लोकेश्वर सिंह ने बताया कि जनपद में डेढ़ वर्ष के दौरान नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी के 17 मामले सामने आए हैं। आठ आरोपियों को अब तक गिरफ्तार किया गया है। छह पीड़ितों को धनराशि भी वापस कराई गई है। (एजेंसी)

### भारी बारिश से व्यापारियों को उठाना पड़ा नुकसान

चम्पावत : गोलज्यू महोत्सव में गोरलचौड मैदान में लगे व्यापारिक मेले में शनिवार को भारी बारिश के दुकानदारों को नुकसान उठाना पड़ा। उनका कीमती सामान बारिश में भीग गया। देर रात से हुई मूसलाधार बारिश की वजह से व्यापारियों का सामान भीग गया। वहीं कीचड़ से गोरलचौड़ मैदान पट गया। जिस कारण मेले में खरीदारी के लिए ग्राहक भी नहीं पहुंचे। दन कालीन बेचने पहुंचे व्यापारी मोहम्मद इमरान ने बताया कि वह 22 जुलाई को मेले में आ गए थे। लेकिन बारिश की वजह से व्यापार प्रभावित रहा। यहां बाहरी और स्थानीय व्यापारीयों की 200 दुकानें लगी हैं। इसी तरह खादी के व्यापारी अनमारूल चौधरी, नेत्रपाल सिंह, पिंटू ने बताया कहा कि किराया भी इस बार अधिक लिया गया है। व्यापारियों को बारिश की वजह से काफी नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि बारिश की वजह से हुए नुकसान की भरपाई के लिए किराए में छूट मिलनी चाहिए। (एजेंसी)

### डॉक्टर्स डे : चिकित्सकों को सम्मानित किया

चम्पावत : उपजिला अस्पताल में शनिवार को राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस मनाया गया। इसमें चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। राज्य आंदोलनकारी राजू गड़कोटी ने डॉक्टर्स दिवसीय पर उपजिला चिकित्सालय में तैनात चिकित्सकों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि संसाधनों के अभाव के बावजूद निरंतर सेवाएं देने वाले चिकित्सकों पर क्षेत्र के स्वास्थ्य की बहुत बड़ी जिम्मेदारी रहती है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. विराज राठी ने कहा कि चिकित्सा अधिकारियों का सम्मान उन्हें नई ऊर्जा का संचार करता है। (एजेंसी)

### डॉक्टर्स डे पर अस्पतालों में बांटी मिठाई

पिथौरागढ़ : नगर में घनश्याम ओली चाइल्ड वेलफेयर सोसायटी ने डॉक्टर्स डे पर अस्पतालों में मिठाई बांटी। शनिवार को सोसायटी की प्रेमा सुतेरी के नेतृत्व में सदस्य जिला और महिला अस्पताल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों को मिठाई खिलाकर उन्हें डॉक्टर्स डे की बधाई दी। प्रेमा ने कहा कि डॉक्टर्स की भूमिका समाज में बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने डॉक्टर्स को धरती पर भगवान का रूप बताया। यहां राहुल, श्रेय, विवेक आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### पुलिस का सत्यापन अभियान जारी

पिथौरागढ़ : जनपद में रह रहे बाहरी लोगों के सत्यापन को लेकर पुलिस का अभियान जारी है। शनिवार को पुलिस ने जिले भर में अभियान चलाकर मजदूर, फड़-फेरी, रेड़ी-ठेले लगाने वाले 30 बाहरी लोगों का सत्यापन किया। एसपी लोकेश्वर सिंह ने सभी बाहरी लोगों से अनिवार्य तौर पर सत्यापन कराने को कहा है। (एजेंसी)

### डीजे संचालक का चालान काटा

पिथौरागढ़ : जाजरदेवल में पुलिस ने निर्धारित समय बाद भी डीजे संचालित करने पर एक संचालक का पांच हजार का चालान काटा है। पुलिस को बीती रात सूचना मिली कि क्षेत्र में रात 12 बजे भी डीजे संचालित किया जा रहा है। इससे आमजन को दिक्कत हो रही है। थानाध्यक्ष मदन सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान उन्होंने जाखनी निवासी डीजे संचालक नंदन सिंह के खिलाफ भादवि की धारा 83 के तहत कार्रवाई की है। (एजेंसी)

### 15 पेटी शराब के साथ एक पकड़ा

चम्पावत : पंचेश्वर ओर टनकपुर पुलिस ने एक दुकानदार को 15 पेटी देसी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। शनिवार को पुलिस ने ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत चेकिंग अभियान चलाया। पंचेश्वर कोतवाली की प्रभारी एसआई मंदाकिनी राणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पोखरी बोरा में एक दुकान में छापेमारी की। जहां से पुलिस को 720 पव्वे शराब के बरामद हुए।

# चौड़ी पत्ती प्रजाति के पौधों का रोपण किया जाए



अल्मोड़ा : सिविल एवं सोयम वन प्रभाग अल्मोड़ा के कोसी वन क्षेत्र द्वारा बर्शिमी सिविल में वन महोत्सव का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक मनोज तिवारी, प्रभागीय वनाधिकारी सिविल ध्रुव सिंह मर्तोलिया, सरपंच लक्ष्मण सिंह मटेला, जगदीश लटवाल, ग्राम प्रधान हरीश सिंह रावत, तारा दत्त पाण्डेय, नन्दन सिंह लटवाल, गोधन सिंह, पुष्कर सिंह, सेवानिवृत्त वन क्षेत्राधिकारी दिनकर प्रसाद जोशी, वन क्षेत्राधिकारी दीपक कुमार पन्त, उप वन क्षेत्राधिकारी जीवन राम आर्य, वन दरोगा मोहन राम, वन सीट अधिकारी पूनम पंत, पवन बिष्ट, महेन्द्र मटेला, राजेन्द्र सिंह बिष्ट मौजूद रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वृक्षारोपण क्षेत्रों में चौड़ी पत्ती प्रजाति का वृक्षारोपण अधिक से अधिक किया जाए, ताकि ग्रामवासी अधिक से अधिक चारा इत्यादि से लाभान्वित हो सकें तथा जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिल सके। (एजेंसी)

## विद्युत कटौती से लोग परेशान



बागेश्वर : जिले में बिजली की अघोषित कटौती से लोग परेशान हैं। नगर से लेकर गांवों तक घंटों कटौती हो रही है। इससे उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। उधर, धरमघर में लोगों ने आपूर्ति सुचारू नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। धरमघर क्षेत्र में बीते शुक्रवार रात लगभग साढ़े 10 बजे से बिजली नहीं है। इससे स्थानीय लोग परेशान हैं। उन्होंने लाइनमैन को सूचना भी दी, लेकिन अपराह्न तक वहां आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी है। उपभोक्ता प्रेम सिंह, दीवान सिंह, पूरन चंद्र, जगदीश सिंह आदि ने शीघ्र बिजली सुचारू करने की मांग की है। उधर, नगर के कठायतबाड़ा वार्ड में सुबह से पांच घंटे बिजली गुल रही। इससे लोगों के घरेलू काम बाधित हो गए हैं। इसके अलावा लघु और मझौले उद्योगों पर भी असर पड़ने लगा है। स्थानीय निवासी गीता देवी, आनंदी देवी, चंपा देवी, प्रिया देवी आदि ने कहा कि नगर में घंटों कटौती हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों का हाल इससे भी बुरा होगा। गर्मी में बिजली की अघोषित कटौती होने से कई कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने शीघ्र आपूर्ति सुचारू नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इधर, ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता मोहम्मद अफजाल ने कहा कि वर्षा के कारण लाइन क्षतिग्रस्त हुई है। जिसे दुरुस्त कराया जा रहा है।

## डीएम ने किया आपदा न्यूनीकरण कार्य का निरीक्षण

बागेश्वर : जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने शनिवार को जनपद के दूरस्थ क्षेत्र चोरबगड़ गधेरा सैलानी व बैजनाथ पंचगड़ी गधेरे में प्रस्तावित आपदा न्यूनीकरण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने चोरबगड़ गधेरे में दोनों ओर 30 व 60 मीटर सुरक्षा दीवार बनाने के निर्देश दिए। चोरबगड़ गधेरे से हो रहे सड़क कटाव संरक्षण कार्य का प्रस्ताव आपदा में प्रस्तुत करने के निर्देश पीएमजीएसवाई को दिए। उन्होंने गधेरे से खतरे की जद में आ रहे मकानों का भी निरीक्षण कर आख्या देने के निर्देश तहसीलदार को दिए। डीएम ने बैजनाथ पंचगड़ी गधेरे में आपदा न्यूनीकरण में 9.08 लाख प्रस्तावित सुरक्षा कार्यों का निरीक्षण करते हुए शीघ्र टेंडर जारी करने के निर्देश सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को दिए। उन्होंने पंचगड़ी गधेरे में पुल के पास हो रहे भू-कटाव को रोकने के लिए आपदा में प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश बीआरओ को दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी राजकुमार पांडे, ईई सिंचाई केके जोशी, तहसीलदार तितिक्षा जोशी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# सैन्य धाम को भेजा कोसी, सुयाल, रामंगा सहित अन्य नदियों का जल



अल्मोड़ा : राजधानी देहरादून के गुनियाल गांव में उत्तराखंड के पांचवें धाम के रूप में सैन्य धाम का निर्माण कार्य प्रगति पर है। आगामी 3 जुलाई को सैन्य धाम में अमर जवान ज्योति का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए जनपद अल्मोड़ा की जीवनदायिनी कोसी, सुयाल तथा रामगंगा इत्यादि प्रमुख नदियों का पावन जल संग्रहण कर कलश के माध्यम से सैन्य धाम देहरादून के लिए कैलाश शर्मा पूर्व विधायक अल्मोड़ा द्वारा हरी झंडी दिखाकर पावन जल संग्रहण यात्रा को रवाना किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सैन्य धाम का निर्माण करना सरकार की सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश सैन्य बाहुल्य प्रदेश है, इसलिए शहीदों के सम्मान में सैन्य धाम हम सभी के लिए गौरव की बात है। इसके लिए उन्होंने सरकार को धन्यवाद प्रेषित किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा रमेश बहुगुणा समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं पूर्व सैनिक उपस्थित रहे। (एजेंसी)

# कपकोट में एनडीआरएफ की टीम तैनात



बागेश्वर : कपकोट तहसील आपदा और भूस्खलन की दृष्टि से काफी संवेदनशील है। इसे देखते हुए सरकार ने पहली बार क्षेत्र में एनडीआरएफ की टीम तैनात की है। 45 सदस्यीय टीम क्षेत्र में पहुंच गई है। उन्हें केदारेश्वर मैदान में बने आपदा प्रबंधन केंद्र में ठहराया गया है। क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया ने उनके साथ एक घंटे तक बातचीत कर क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति से अवगत कराया। क्षेत्रीय विधायक की पहल के बाद कपकोट विधानसभा के लिए पहली बार नेशनल डिजास्टर रिस्पोंस फोर्स (एनडीआरएफ )की तैनाती की गई है। कपकोट विधानसभा क्षेत्र आपदा की दृष्टि से अतिसंवेदनशील है। इसी को ध्यान में रखते हुए एहतियातन राहत एवं बचाव कार्यों के लिए एनडीआरएफ की तैनाती की गई है। टीम आपदाग्रस्त स्थानों में जाकर राहत एवं बचाव कार्यों को तेजी से पूर्ण करेगी।

## स्टंट का वीडियो सोशल मीडिया में डालना पड़ा महंगा

पिथौरागढ़ : जनपद में एक युवक को जीप स्टंट का वीडियो सोशल मीडिया में डालना महंगा पड़ा। पुलिस के मुताबिक दो दिन पूर्व गंगोलीहाट के युवक ने सोशल साइट्स इंस्ट्राग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें वह जीप में स्टंट करता हुआ दिखाई दे रहा है। एसपी लोकेश्वर सिंह के निर्देश पर पनार चौकी प्रभारी हरीश सिंह ने जीप को सीज किया है। साथ ही पुलिस ने युवक से माफीनामा लेकर भविष्य में स्टंट नहीं करने की सख्त हिदायत दी है। (एजेंसी)

# झूठा मुकदमा दर्ज कराने थाने पहुंचा वांछित, गिरफ्तार

रुद्रपुर : चाचा के खिलाफ दुष्कर्म का झूठा मुकदमा दर्ज कराने थाने पहुंचे यूपी के वांछित को पुलभट्टा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को थाना भोजीपुरा बरेली के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलभट्टा थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि वह अपनी पत्नी के साथ बाइक से किच्छा जा रहा था। इस दौरान उसके गांव में ही रहने वाले चाचा ने अपने तीन साथियों के साथ पुलभट्टा फ्लाईओवर के पास उसकी बाइक रुकवाकर चाकू व तमंचे के बल पर उसकी पत्नी को आम के बाग में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष पुलभट्टा कमलेश भट्ट ने शिकायतकर्ता और उसकी पत्नी के अलग-अलग बयान दर्ज किये।

जांच के दौरान दोनों के बयानों में भिन्नता पाई गई। मामले को संदिग्ध देखते हुए पुलभट्टा पुलिस की एक टीम को भोजीपुरा बरेली भेजा गया। वहां पहुंच कर पुलिस टीम ने उसके चाचा के बयान दर्ज किए।

# ट्रक की चपेट में आया 108 वाहन सेवा का चालक, गंभीर




चमोली : नगर के पेट्रोल पंप पर शनिवार सुबह 11 बजे एक हादसा हो गया। बाजार की ओर आ रहे ट्रक की चपेट में आने से 108 वाहन सेवा का चालक गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल को जिला चिकित्सालय गोपेश्वर में प्राथमिक उपचार करने के बाद हायर सेंटर रेफर किया जा रहा है। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि 108 सेवा वाहन का चालक नरेश कुमेड़ी पुत्र भाष्करानंद, ग्राम मासौं, नंदप्रयाग, उम्र 40 वर्ष पेट्रोल पंप पर वाहन में तेल भराने के लिए गया था। इसी दौरान वाहन को सड़क के किनारे खड़ा कर डीजल की पर्ची लेकर आ रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक की चपेट में आने से वह गंभीर रुप से घायल हो गया। गंभीर चोटें होने के कारण उसे रेफर किया जा रहा है। मौके पर स्थित स्थानीय लोगों ने उसे निजी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया। जो उसका इलाज चल रहा है। उसे गंभीर चोटें आने के कारण रेफर किया जा रहा है। वहीं, हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन को वहीं पर छोड़कर फरार हो गया है। यहां करीब एक घंटे तक वाहन का जाम लगा रहा। (एजेंसी)

## प्रशिक्षण के लिए मांगे आवेदन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : जिला उद्योग केंद्र में तीन साप्ताहिक उद्यमिता तकनीकी विकास प्रशिक्षण हेतु तकनीकी संस्थानों व पंजीकृत संस्थानों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण के लिए संस्थानों का वाइलोज व आवेदन एक सप्ताह के अंतर्गत उद्योग केंद्र कार्यालय में आमंत्रित किए गए हैं।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र एचसी हटवाल ने बताया कि तीन साप्ताहिक उद्यमिता तकनीकी विकास प्रशिक्षण हेतु जनपद के तकनीकी संस्थानों/पंजीकृत संस्थानों को उक्त प्रशिक्षण हेतु अपने संस्थानों का वाइलोज एवं आवेदन पत्र एक सप्ताह के अंदर जिला उद्योग केंद्र में आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्योग केंद्र में संपर्क किया जा सकता है।

# डीएम ने लिया देवप्रयाग संगम व अन्य घाटों की सुरक्षा का जायजा

टिहरी : टिहरी डीएम व एसएसपी ने कांवड यात्रा के मद्देनजर देवप्रयाग संगम व अन्य घाटों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान डीएम ने दो वर्ष पूर्व आपदा से क्षतिग्रस्त शांता नदी की पुलिया का काम दो माह में पूरा न पर होने पर ईओ का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

शनिवार को डीएम टिहरी डॉ. सौरभ गहरवार व एसएसपी नवनीत भुल्लर ने देवप्रयाग क्षेत्र का दौरा किया। डीएम तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए हनुमान शिला से संगम तक की सीढ़ीयों के बीच में रेलिंग लगाने व इसके सहारे दोनों नदियों में रस्सियां डालने सहित बचाव को भागीरथी घाट से टोडेश्वेर टापू तक गंगा में झालरयुक्त मजबूत रोप लगाने के निर्देश दिये गए। डीएम ने इस कार्य के लिए सिंचाई विभाग के एससी आरके गुप्ता व ईई कमल सिंह को तत्काल एस्टिमेट बनाने को कहा। डीएम ने बदरी-केदार धर्मशाला के नीचे स्थित घाट को यात्रियों के लिए पूरी तरह प्रतिबंधित करने व इस सम्बंधी बोर्ड लगाने के निर्देश भी दिये। साथ ही देवप्रयाग में 24 घण्टे राफ्ट की व्यवस्था रखने व आडियो से लगातार चेतावनी देने का सिस्टम लगाने को भी कहा। संगम मार्केट के सुलभ शौचालय का पुनर्निर्माण कर चालू करने, नगर में लग रहे सीसीटीवी काम तत्काल पूरा करने को भी कहा। एसएसपी भुल्लर ने संगम पर यात्रियों की सुरक्षा को जल पुलिस व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिये। इस मौके पर एसडीएम कीर्तिनगर सोनिया पंत, तहसीलदार मानवेंद्र वर्त्वाल, पालिकाध्यक्ष केके कोटियाल, एसएचओ देवराज शर्मा, ईओ रघुवीर राय आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## भूटगांव की बेटी ने पास की नीट परीक्षा

टिहरी : जौनपुर भूटगांव की अनुष्का प्रिया चौहान ने नीट में सफलता हासिल की है। उन्होंने 720 में से 687 अंक प्राप्त कर नीट परीक्षा में 943 वीं रैंक हासिल कर अपने परिवार, गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

अनुष्का के पिता नैनगाग के जाखधार में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्यरत है, माता अंजू देवी राबाइंका में शिक्षिका हैं। अनुष्का ने 12वीं तक की पढ़ाई मसूरी में हुई है। अनुष्का के पिता ने बताया कि गांव में उनका 35 सदस्यों का संयुक्त परिवार है। बताया उनकी बेटी ने कक्षा 10 वीं से नीट की तैयारी शुरू कर दी थी, वह करीब 10 से 12 घंटे रोज पढ़ाई करती थी।

कड़ी मेहनत की बदौलत ही अनुष्का प्रिया ने नीट परीक्षा में सफलता हासिल कर पाई है। (एजेंसी)

# महामंत्री पद के दावेदार नेगी ने मांगा समर्थन

रुद्रप्रयाग : राजकीय शिक्षक संघ का 6 व 7 जुलाई को जीआईसी अल्मोड़ा में होने वाले प्रान्तीय अधिवेशन में महामंत्री पद के दावेदार शिव सिंह नेगी ने विभिन्न विद्यालयों में शिक्षकों से सम्पर्क कर अपने पक्ष में समर्थन मांगा है। इस दौरान शिक्षकों ने महामंत्री पद के दावेदार शिव सिंह नेगी का जोरदार स्वागत एवं सम्मान कर उनके सम्मुख विभिन्न समस्याएं रखी। पूर्व मण्डलीय मंत्री गढ़वाल व वर्तमान में प्रान्तीय महामंत्री पद पर दावेदारी कर रहे शिव सिंह नेगी ने पौड़ी, सतपुली, कोटद्वार, देहरादून व जनपद टिहरी के विभिन्न विद्यालयों में दौरा कर शिक्षकों से सीधा संवाद स्थापित कर अपने 25 वर्षों के सांगठनिक कार्यों के आधार पर अपने पक्ष में समर्थन मांगा हैं। इस दौरान शिव सिंह नेगी ने कहा है कि वे वर्ष 1997 से राजकीय शिक्षक संघ से जुड़े हैं और शिक्षकों की हर छोटी-बड़ी समस्याओं को विभागीय, शासन व सरकार तक समस्याओं को रखते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब वह जनपद व मण्डल स्तर पर संगठन में रहे, तो इस दौरान शिक्षकों की काफी समस्याओं का समाधान भी निकला है और उन्होंने शिक्षकों से कहा है कि जिन समस्याओं का समाधान अभी नहीं हुआ है उनके लिए वह लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक संघ चुनाव में परिणाम चाहे कुछ भी निकले वह शिक्षक हितों की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव लड़ते रहेंगे। नेगी ने कहा है कि वे अधिवेशन में महामंत्री पद हेतु शिक्षकों से स्वयं संपर्क कर समर्थन जुटाने के लिए जमीन से लेकर सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क अभियान चला रहे हैं। सम्पर्क अभियान में उनके साथ जगपाल सिंह गुसाईं, देहरादून अध्यक्ष कुलदीप कण्डारी,चन्द्र मोहन सिंह रावत,जयदीप रावत,मनमोहन चौहान, शार्दुल मेहर आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## तीन लिंक मोटर बंद

नई टिहरी : बारिश से टिहरी जिले में तीन लिंक मोटर मार्ग बाधित हो गये, जिला आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से जारी सूचना में दल्ला भिमलेथ, गहड पाल्यापटाला और आरकेके सतेगल ग्रामीण क्षेत्र की सड़क बाधित हैं। आपदा अधिकारी बृजेश भट्ट ने बताया कि तीनों लिंक मोटर मार्ग पर आये मलबे को जेसीबी मशीन हटाने के कार्य में लगी हैं, देर शाम तक सड़क मार्गों के खुलने की संभावना है।

## केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को लोगों को बताया

टिहरी : महाजनसंपर्क अभियान के तहत भाजपाइयों ने नई टिहरी मंडल अध्यक्ष गोपी राम चमोली और विधायक किशोर उपाध्याय के नेतृत्व में जनसंपर्क किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ संख्या 89 व 103 में घर-घर जाकर संपर्क कर केंद्र और राज्य की उपलब्धियों को आम लोगों को बताया।

टिहरी मंडल अध्यक्ष गोपी राम चमोली ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित केंद्र सरकार ने 9 स्वर्णिम साल पूरे किये हैं। केंद्र सरकार व राज्य सरकार की उपलब्धियों को लेकर निरंतर आम जनता से संपर्क कर उन्हें अवगत कराया जा रहा है। विधायक किशोर ने जन संपर्क अभियान के दौरान कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की साख पूरे विश्व में मजबूत हुई है। देश में अंतिम व्यक्ति तक के विकास के लिए योजनाओं को सफलता पूर्वक पहुंचाने का काम किया गया है। पर्यटन व तीर्थाटन से प्रदेश के विकास को गति देने का काम बखूबी किया जा रहा है। मौके पर सभासद विजय कठैत, भाजपा महामंत्री उदय रावत, डीसीडीएफ के अध्यक्ष अनुसूया नौटियाल, उर्मिला राणा सहित दर्जनों मौजूद रहे। (एजेंसी)

# पुनर्निर्माण एवं फर्नीचर के लिए खनन न्यास निधि से मिले 31.67 लाख

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : रुद्रप्रयाग शहर के छात्र-छात्राओं एवं बुजुर्ग व्यक्तियों को पठन-पाठन में कोई परेशानी एवं असुविधा न हो इसके लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अभिनव पहल से शहर के बीच अवस्थित पुराने सार्वजनिक पुस्तकालय भवन के पुनर्निर्माण कार्यों एवं फर्नीचर उपलब्ध कराए जाने के लिए कार्यदायी संस्था ग्रामीण निर्माण विभाग को खनन न्यास निधि से 31.67 लाख धनराशि उपलब्ध कराई गई।



उक्त आशय की जानकारी देते हुए अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग हितेशपाल सिंह ने बताया कि पुराने सार्वजनिक पुस्तकालय भवन में बच्चे एवं बुजुर्ग पठन-पाठन के लिए यहां आते हैं। इसके साथ ही विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए अध्ययन करने आने वाले बच्चों को पठन-पाठन में व्यवधान न हो इसके लिए बच्चों के अध्ययन के लिए जिलाधिकारी के निर्देशन में पुराने पुस्तकालय भवन का पुनर्निर्माण कार्य किया गया है, जिसमें प्रथम तल में रीडिंग रूम तथा बुजुर्गों के लिए भूतल में रीडिंग रूम तैयार किया गया है। प्रथम तल में बच्चों के पठन-पाठन हेतु 30 सीटर कक्ष तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यों के लिए जिलाधिकारी द्वारा खनन न्यास निधि से 31 लाख 67 हजार की धनराशि उपलब्ध कराई गई है, जिसमें 8 लाख की लागत से बच्चों एवं बुजुर्ग व्यक्तियों के लिए फर्नीचर क्रय किया गया है। शेष धनराशि से पुनर्निर्माण कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक पुस्तकालय का कार्य अंतिम चरण में है जिसका शुभारंभ शीघ्र ही किया जाएगा।

## जल संस्थान कर्मियों ने किया पेयजल आपूर्ति निकायों को देने का विरोध

देहरादून। जल संस्थान के कर्मचारियों ने पेयजल आपूर्ति निकायों को दिए जाने का विरोध किया है। कर्मचारियों ने कहा कि यदि सरकार ने ऐसा कदम उठाया तो जल संस्थान के सभी कर्मचारी आंदोलन के लिए विवश हो जाएंगे। जल संस्थान कर्मचारी संघ की शनिवार को जलकल भवन में बैठक हुई। इस दौरान संघ के प्रान्तीय महामंत्री नन्दलाल जोशी ने कहा कि सरकार जल संस्थान को निकायों के साथ समायोजित करने का प्रयास करता है तो जल संस्थान के सभी कर्मचारी प्रदेश स्तर पर विरोध, प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि जल संस्थान अपने संसाधनों से कर्मचारियों को वेतन व पेंशन आदि का भुगतान करता है। इसके लिए सरकार की ओर से कोई भी वित्तीय मदद नहीं दी जाती है। ऐसे में सरकार का यह कदम पूरी तरह गलत है। उन्होंने कहा कि हाल ही में सरकार ने जल संस्थान की कई योजनाओं का रखरखाव जल निगम को दिया है जिससे जल संस्थान की आय प्रभावित हो रही है। बैठक में विनोद कुमार वर्मा, डीडी बलूनी, विरेन्द्र सजवाण, मनोज कुमार, अमित जोशी, अशोक शर्मा, अमिता, गुड्डी भंडारी, रेनू शर्मा, रेखा आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### अज्ञात ने स्कूटी खाई में गिराई

चमोली : नगर में सड़क पर खड़े वाहनों के साथ आए दिन छेड़ छाड़ और तेल चोरी की घटनाएं हो रही हैं। नगर निवासी मनीष डिमरी ने बताया कि बदरीनाथ हाईवे पर सड़क किनारे खड़ी उनकी स्कूटी किसी अज्ञात ने खाई में फेंक दी। जिसकी शिकायत उन्होंने पुलिस में दी है।

# सैन्य धाम के लिए तीन नदियों का जल कलश के माध्यम से भेजा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : देहरादून में बन रहे सैन्य धाम के लिए शनिवार को पौड़ी से तीन नदियों का जल कलश के माध्यम से भेजा गया। इस दौरान विधायक राजकुमार पोरी ने वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

शनिवार को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक राजकुमार पोरी ने कहा कि उत्तराखंड में पांचवे धाम के रूप में सैन्य धाम का निर्माण करवाया जा रहा है। यह पूरे देश के लिए गौरव की बात है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल प्रदीप कोटनाला ने कहा कि जिले की अलकनंदा, पश्चिमी व पूर्वी नयार नदियों के पवित्र जल को कलश में भरकर वाहन के माध्यम से देहरादून भेजा जा रहा है। कहा कि देश की सेवा करते हुए अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों की स्मृति में सैन्य धाम का निर्माण करवाया जा रहा है। प्रदेश की पवित्र नदियों के जल से सैन्य धाम का पूजन किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुषमा रावत, पूर्व सैनिक कल्याण संगठन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राणा सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक शामिल रहे।

## ग्राम पंचायत रूमसी में तहसील दिवस कल

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में आगामी मंगलवार को ग्राम पंचायत रूमसी में तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले तहसील दिवस में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आम जनमानस द्वारा दर्ज की जाने वाली शिकायतों का यथासंभव मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए तहसीलदार रुद्रप्रयाग राम किशोर ध्यानी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में मंगलवार (04 जुलाई) को प्रातः 11 बजे से ग्राम रूमसी के पंचायत भवन में तहसील दिवस/सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें समस्त विभागीय अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## डा. नैथानी को राष्ट्रीय पुरस्कार दिया जाए

श्रीनगर गढ़वाल : बार एसोसिएशन श्रीनगर के अधिवक्ताओं ने डॉक्टर्स डे पर स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर डा. बीपी नैथानी की सराहना की है। बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड के सदस्य अर्जुन सिंह भंडारी एवं बार एसोसिएशन श्रीनगर के संरक्षक अनूप श्री पांथरी ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के ब्रांड एंबेसडर डा. बीपी नैथानी लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं देने व स्वच्छता के कार्य में वर्षों से जुटे हुए हैं। स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूकता लाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कहा डा. बीपी नैथानी व मंजू नैथानी विगत 10 वर्षों से श्रीनगर व पौड़ी सहित आस-पास के क्षेत्रों में लगातार स्वच्छता अभियान चला रहे हैं जिससे श्रीनगर शहर स्वच्छता के मॉडल के रूप में विकसित हो रहा है।

## सरकार निजीकरण कर खत्म कर रही रोजगार : आइसा

श्रीनगर गढ़वाल : छात्र संगठन आइसा का छठा राज्य सम्मेलन गढ़वाल विवि के सीनेट सभागार में आयोजित किया गया। सम्मेलन में बतौर मुख्य वक्ता आइसा के राष्ट्रीय महासचिव प्रसेनजीत ने कहा कि शिक्षा, रोजगार और लोकतंत्र पर देश भर में केंद्र सरकार लगातार हमला कर रही है, इस सब के खिलाफ छात्रों के विपक्ष के रूप में देश भर में आइसा लड़ रही है। इस दौर में रोजगार देश का बड़ा सवाल है लेकिन सरकार सम्मानजनक रोजगार देने के बजाय सरकारी संस्थानों का निजीकरण कर रोजगार को ही खत्म कर रही है।जोशीमठ आंदोलन के नेता और भाकपा माले के गढ़वाल सचिव अतुल सती ने कहा कि मोदी सरकार हर रोज शिक्षा और रोजगार पर लगातार नए झूठ बोल रही है। देश भर में जल जंगल, जमीन का आंदोलन लोकतंत्र बचाने का आंदोलन है, जोशीमठ के लोग इसी आंदोलन को लड़ रहे हैं। भाकपा माले की केंद्रीय कमेटी के सदस्य और आइसा के राज्य प्रभारी कैलाश पांडे ने कहा कि आइसा उत्तराखंड में हमेशा से छात्रों के मोर्चे पर एक अग्रणी संगठन रहा है। राज्य सम्मेलन से यह प्रेरणा लेनी चाहिए कि आइसा की क्रांतिकारी विरासत को प्रचारित प्रसारित करते हुए, समाज की बेहतरी के लिए संघर्ष किया जाए। भाकपा माले के राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार केंद्रीयकरण को बढ़ावा दे रही है। एक चुनाव, एक भाषा, एक रंग, एक विश्वविद्यालय परीक्षा इसी तरह का प्रयास है। मौके पर पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अंकित उछोली, छात्र संघ उपाध्यक्ष रॉबिन सिंह, छात्रा प्रतिनिधि मोनिका चौहान कहा सीयूईटी के कारण कई छात्र प्रवेश लेने से वंचित हो गए हैं।

## पीडब्ल्यूड़ी के ईई से की कौलागढ़ में सड़क निर्माण की मांग

देहरादून। एक समान संघ कार्यकर्ताओं ने पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड के ईई से मिलकर कौलागढ़ में सड़कों के निर्माण की मांग की है। अध्यक्ष विजय भट्टाराई ने बताया कि कौलागढ़ वार्ड में चरखी गेट से लेकर शहीद नीरज थापा द्वार तक की सड़क लंबे समय से क्षतिग्रस्त है, सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे हैं, क्षेत्रवासियों को इस सड़क पर चलने में बहुत ज्यादा परेशानी हो रही है, कई वाहन चालक गड्ढों की वजह से गिरकर चोटिल हो चुके हैं। उन्होंने शीघ्र सड़क निर्माण की मांग की है। इस मौके पर एक समान संघ के गढ़वाल मंडल अध्यक्ष विनोद जोशी, राजकुमार प्रेम सागर, दिनेश कौशल, मनोज यादव मौजूद रहे।

### मसूरी में तीन दिन से रोजाना शाम को हो रही बारिश

देहरादून। मसूरी में लगातार तीसरे दिन शनिवार शाम को बारिश हुई। यहां हर दिन करीब डेढ़ से दो घंटे तेज बारिश हो रही है। इससे शहर में कुछ घंटों के लिए जनजीवन अस्तव्यस्त हो जा रहा है। शनिवार शाम करीब पांच बजे मौसम ने अचानक करवट ली और मसूरी में भारी बारिश होने लगी। दिनभर पर्यटकों से पैक मसूरी में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया। नालियां चोक होने से गंदा पानी सड़कों पर आ गया। इससे पैदल चलने वालों को भारी परेशानी हुई। बारिश के कारण मौसम काफी ठंडा हो गया। यहां पहुंचे पर्यटकों को गरम कपड़े तक खरीदने पड़े। दिल्ली से मसूरी घूमने आए पर्यटक राजकिशोर ने बताया कि सुबह से लेकर शाम तक यहां कभी धूप और कभी बारिश हो रही थी लेकिन शाम भारी बारिश हुई। बारिश की वजह से वह घूमने नहीं निकल पाए।

### चाइल्ड पोनीग्राफी अपलोड करने पर मुकदमा

देहरादून। पुलिस ने सोशल मीडिया पर चाइल्ड पोनोग्राफी वीडियो अपलोड करने के आरोप में दून निवासी व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कैंट थाना पुलिस के अनुसार, गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित नेशनल साइबर ऋइम रिपोर्टिंग पोर्टल के अंतर्गत टिप लाइन के माध्यम से गूगल पर चाइल्ड पोनीग्राफी अपलोड किए जाने की सूचना मिली थी। पोर्टल की ओर से देहरादून निवासी एक व्यक्ति का विवरण दिया गया था।

# केंद्र और राज्य सरकार के प्रयासों से सुधरी किसानों की आर्थिक स्थिति: गणेश जोशी

देहरादून। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा है कि केंद्र और राज्य सरकार के प्रयासों से किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। राज्य सरकार मिलेट्स का उत्पादन बढ़ाने पर जोर दे रही है। शनिवार को न्यू कैंट स्थित सरकारी आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की ओर से देश के किसानों के लिए घोषित विशेष पैकेज की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पैकेज के तहत यूरिया पर मिलने वाली सब्सिडी 2025 तक बढ़ा दी गई है, इसमें इसके लिए कुल तीन लाख 68 हजार करोड का प्रावधान किया गया है। इसी तरह केंद्र सरकार ने खेती में रसायनिक फर्टिलाइजर के उपयोग को कम करते हुए मिट्टी के स्वास्थ्य को सुधारने के लिए पीएम प्रणाम योजना प्रारंभ की है। इसके जरिए वर्मी कम्पोस्ट, खाद, बायो फर्टीलाइजर्स का उपयोग बढ़ाया जाना है। इसी ऋम में ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर्स को बढ़ावा देने के लिए गोबर्धन स्कीम के तहत 500 नए वेस्ट टू वेल्थ प्लांट लगाए जाने हैं। मंत्री ने कहा पैकेज के चौथे भाग में देश में सल्फर कोटेड यूरिया के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा उर्वरक की कम खपत से किसानों की लागत घटेगी।

# कैंट कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

देहरादून। कैंट बोर्ड के सिविल क्षेत्रों को नगर निकायों में शामिल करने के विरोध में कैंट कर्मचारियों ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने गढ़ी कैंट और क्लेमेंटाउन कैंट क्षेत्र में प्रदर्शन कर विरोध जताया। ऑल इंडिया कैंट बोर्ड इंप्लाइज फेडरेशन की अपील पर यह विरोध किया गया था। गढ़ी कैंट बोर्ड के कैंट श्रमिक संघ से जुड़े कर्मचारी शनिवार को कार्यालय में एकत्र हुए। इसके बाद उन्होंने कैंट बोर्ड के विलय से पूर्व कमचारियों के भविष्य, अधिकार, पेंशन, वरिष्ठता के निर्धारण की मांग रखी। संघ के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार और महासचिव शशि भैयाल ने सेवा शर्तों, पदोन्नति, विभिन्न देयकों, मृतक आश्रितों की नियुक्ति सहित विभिन्न मुद्दों पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। कहा कि रक्षा मंत्रालय ने कैंट बोर्डों को खत्म कर उन्हें निकायों में शामिल करने की कार्रवाई तेज कर दी है, लेकिन इसमें कर्मचारियों के भविष्य को लेकर कुछ भी स्थिति स्पष्ट नहीं की है। कैंट कार्यालय के बाद कर्मचारी शहीद दुर्गामल्ल पार्क पहुंचे। यहां उन्होंने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान निधि खंडूरी, प्रीति सिंह, तुलसी बाला, पूनम क्षेत्री, स्वीटी, कविता और पाली चौहान सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं क्लेमेंटाउन कैंट बोर्ड कार्यालय के बाहर भी कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

# सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन अभियान की शुरुआत

देहरादून। राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन अभियान का वर्चुअल शुभारंभ शनिवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने किया। इस दौरान हेल्थ एवं वैलनेस केंद्र शमशेरगढ़ डोईवाला में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विधायक बृजभूषण गैरोला ने कहा सिकल सेल एनीमिया एक गंभीर रोग है, इसके उन्मूलन के लिए जन सहभागिता के साथ अभियान चलाया जाना आवश्यक है। सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. आर राजेश कुमार ने कहा कि उत्तराखंड में भी इस अभियान की शुरुआत की जा रही है, यह अभियान मिशन मोड में चलाया जाएगा, यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी लक्षित लाभार्थी सिकल सेल स्क्रीनिंग से वंचित न रहे। इस मौके पर स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ विनीता शाह, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक रोहित मीणा, जनजाति कल्याण के निदेशक संजय सिंह टोलिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय जैन, अपर निदेशक जनजाति कल्याण योगेंद्र रावत, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ निधि रावत, चिकित्सा अधीक्षक सीएचसी डोईवाला डॉ के एस भंडारी आदि मौजूद रहे।

## इंदिरेश अस्पताल में खुला स्पेशलिस्ट स्टोमा केयर क्लिनिक

देहरादून। डॉक्टर्स डे पर श्री महंत इंदिरेश अस्पताल ने उत्तराखंड का पहला स्पेशलिस्ट स्टोमा केयर क्लिनिक शुरू किया है। अस्पताल के अध्यक्ष देवेंद्र दास जी महाराज ने कहा कि मरीजों के कल्याण के निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। शुभारंभ एसजीआरआर मेडिकल कॉलेज के प्रमुख प्रो. आर के वर्मा और मुख्य चिकित्सा प्रबंधक प्रो. प्रेरक मित्तल ने किया। डॉ. अजीत तिवारी ने स्टोमा क्लिनिक स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कैंसर सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. पंकज गर्ग ने बताया कि स्टोमा एक सर्जिकल प्रक्रिया है। यह स्पेशलिस्ट स्टोमा केयर क्लिनिक उत्तराखंड में पहली बार स्थापित की गई है। इस मौके पर डॉ. अजय पंडिता, डॉ. गौरव रतूड़ी, डॉ. रचित आहुजा, भूपेंद्र रतूड़ी, मानवेंद्र, सिमरन अग्रवाल, संतोष आदि मौजूद रहे।

## नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम साक्षी सैनी दर्ज हो गया है, जो कि गलत है। जबकि मुरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम वर्णिका है।

अतः मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका सही व वास्तविक नाम वर्णिका अंकित कर जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाए।

**विकास सैनी पुत्र पृथ्वीराज सैनी निवासी गोविन्द नगर, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

# सुरक्षा आउटसोर्सिंग के खतरे

गुजरे दशकों में नव–उदारवादी आर्थिक नीतियों पर अंधाधुंध अमल का परिणाम यह हुआ है कि विभिन्न देशों ने सैनिकों की सामाजिक सुरक्षा के अपने दायित्व से मुंह मोडने् के लिए सुरक्षा की आउटसोर्सिंग की है। लेकिन अब इसके खतरे खुल कर सामने आ गए हैं। रूस भीषण गृह युद्ध में उलझने से बच गया। इसका श्रेय बेलारुस के राष्ट्रपति अलेक्सांद्र लुकाशेंको की परिपक्व मध्यस्थता को दिया जाए, या प्राइवेट आर्मी वागनर ग्रुप के सरदार येवगेनी प्रिगोझिन को आखिर में हुए हकीकत के अहसास को– यह अलग चर्चा विषय है। लेकिन अहम बात यह है कि इस सेना ने यूक्रेन के युद्ध में खास भूमिका निभाई है। बाखमुट के मोर्चे पर इसे मिली बड़ी फतह के बाद प्रिगोझिन की बढ़ी महत्त्वाकांक्षा और अहंकार ही वो कारण थे, जिसने रूस को ऐसे संकट के दरवाजे तक पहुंचा दिया था, जहां से सचमुच उसके विनाश की शुरुआत हो सकती थी। अब प्रश्न है कि एक प्राइवेट आर्मी को राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे कार्य में किसने लगाया, जो अनिवार्य रूप से आधुनिक काल में राज्य की जिम्मेदारी होनी चाहिए? यह भी गौरतलब है कि वागनर ग्रुप से लडने् के लिए चेचन आर्मी के दस्ते संबंधित क्षेत्र की तरफ कूच गए थे, जिसका चरित्र भी काफी कुछ निजी सेना की तरह है। उस लड़ाई में चाहे जिसकी जीत होती, खून रूसी नागरिकों का गिरता और बर्बाद भी रूस ही होता।

तो अब यह दुनिया भर के देशों के लिए गहन विचार का विषय है कि राज्य के अनिवार्य कार्यों का निजीकरण होना चाहिए? अमेरिका ने भी गुजरे दशकों में बड़ी संख्या में प्राइवेट आर्मी को अपने युद्धों में लगाया है। इराक और अफगानिस्तान में ऐसी इकाइयों के बेहरमी और उनकी तरफ से किए गए मानव अधिकारों के हनन की कहानियां बहुचर्चित हैं। इसी पैटर्न पर कई और देश चले हैं। रूस में हुआ यह कि अपराधियों को लेकर बनी एक प्राइवेट आर्मी बगावत पर उतर आई। ऐसे खतरे हर उस जगह मौजूद हैं, जहां सुरक्षा की इस तरह की आउटसोर्सिंग की गई है। गुजरे दशकों में नव–उदारवादी आर्थिक नीतियों पर अंधाधुंध अमल का परिणाम हुआ है कि विभिन्न देशों ने सैनिकों की सामाजिक सुरक्षा के दायित्व से मुंह मोडने् के लिए ऐसी आउटसोर्सिंग का सहारा लिया है। लेकिन अब इसके खतरे खुल कर सामने आ गए हैं। सबक यह है कि राज्य अपने मूलभूत कर्त्तव्य किसी और को सौंप कर देश की सुरक्षा को लेकर आश्वस्त नहीं रह सकता।

# कोल्ड ड्रिंक और च्युइंग गम से हो सकता है कैंसर!



अगर आप भी डाइट कोक, आइसक्रीम और च्युइंग गम के आदी हैं तो अब वक्त आ गया है इन चीजों से दूरी बना ली जाए. क्योंकि एक रिसर्च में इनको लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा किया गया है. रिसर्च में दावा किया गया है कि इन चीजों का सेवन करने से कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी का जोखिम पैदा हो सकता है. दरअसल तमाम सॉफ्ट ड्रिंक्स और च्युइंग गम में मिठास के लिए आर्टिफिशियल स्वीटनर एस्पार्टेम को मिलाया जाता है. एस्पार्टेम ही वह चीज है, जो शरीर में कैंसर को जन्म देने का कारण बन सकती है.

रिसर्च के मुताबिक, एस्पार्टेम एक कार्सिनोजेनिक है, जिसका मतलब है कि ये बॉडी में कैंसर सेल्स को ट्रिगर करने का काम कर सकता है. अगर आप किसी भी ऐसी चीज का सेवन कर रहे हैं, जिसमें एस्पार्टेम मौजूद है तो इसका साफ–सीधा मतलब यह है कि आप खुद कैंसर जैसी घातक बीमारी को निमंत्रण दे रहे हैं. डाइट कोक, डाइट सोडा और च्युइंग गम में एस्पार्टेम का भरपूर इस्तेमाल किया जाता है. एस्पार्टेम एक तरह का आर्टिफिशियल स्वीटनर है, जिसका इस्तेमाल मिठास लाने के लिए किया जाता है.

इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर का कहना है कि इससे फर्क नहीं पड़ता कि आप कितनी मात्रा में एस्पार्टेम से भरप

ूर चीजों का सेवन कर रहे हैं. अगर आप थोड़ी मात्रा में भी इस आर्टिफिशियल स्वीटनर का सेवन कर रहे हैं तो मतलब अपनी जिंदगी को खतरे में डाल रहे हैं. एस्पार्टेम सेहत के लिए कितना खतरनाक है, इसका अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि दानेदार चीनी की तुलना में एस्पार्टेम में 200 गुना मिठास ज्यादा होती है.

बता दें कि पिछले साल फ्रांस में एस्पार्टेम के प्रभावों को लेकर एक लाख से अधिक लोगों पर एक रिसर्च की गई थी. इस रिसर्च में सामने आया था कि जो लोग आर्टिफिशियल स्वीटनर का इस्तेमाल करते हैं, उनमें कैंसर

# दस सीटों का राज्यसभा चुनाव, कौन कौन लौटेगा ?

चुनाव आयोग ने राज्यसभा की 10 सीटों पर दोवार्षिक चुनाव की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही यह कयास लगाया जाने लगा है कि कौन कौन वापस लौटेगा। तीन राज्यों में इन 10 सीटों के चुनाव होंगे। एक सीट गोवा की है, जो भाजपा को जाएगी। गुजरात की तीन सीटें हैं और वह भी भाजपा के खाते में जाएगी। रिटायर हो रहे तीनों सांसद भी भाजपा के ही हैं। इनमें एक सांसद विदेश मंत्री एस जयशंकर हैं। उनका फिर से राज्यसभा में जाना तय है। हालांकि कुछ दिन पहले चर्चा हो रही थी कि वे दिल्ली की किसी सीट से चुनाव लड़ सकते हैं लेकिन लोकसभा का चुनाव अगले साल अप्रैल–मई में है। इसलिए मंत्री बने रहने के लिए जरूरी है कि वे सांसद रहें। सो, वे निश्चित रूप से राज्यसभा में जाएंगे। बाकी जुगल सिंह माथुर और दिनेशचंद्र अनावादिया की वापसी मुश्किल है। बताया जा रहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपानी और उनकी सरकार में उप मुख्यमंत्री रहे नितिन पटेल को मौका मिल सकता है।बाकी छह सीटें पश्चिम बंगाल की हैं। इन छह में से पांच सीटें तृणमूल कांग्रेस के खाते में है और एक सीट कांग्रेस की है। कांग्रेस प्रदीप भट्टाचार्य की सीट गंवाने जा रही है क्योंकि राज्य की विधानसभा में उसका एक भी विधायक नहीं है। यह सीट भाजपा के खाते में चली जाएगी, जिसके 75 विधायक हैं। तृणमूल कांग्रेस को अपनी पांचों सीटें वापस मिल जाएंगी। उसके रिटायर हो रहे सांसदों में सबसे अहम नाम डेरेक ओ ब्रायन का है। वे लगातार दो बार राज्यसभा सांसद रहे हैं। दिल्ली में वे पार्टी का चेहरा हैं इसलिए उम्मीद की जा रही है कि उनको तीसरा मौका मिल सकता है। वे अखबारों में अखबारों में पार्टी के पक्ष में लिखते हैं और सर्वदलीय बैठकों में पार्टी का नेतृत्व करते हैं। उनके अलावा सुखेंदु शेखर रॉय, सुष्मिता देब, डोला सेन और शांता छेत्री रिटायर हो रहे हैं।

# टाईटन का फितूरी रोमांच !

श्रुति व्यास



टाईटेनिक विचित्र जुनून का नाम है। 111 साल पहले समुद्र में डुबे टाइटैनिकके प्रति कौतुकता जुनून की हद तक है।इसके एक सदी से भी ज्यादा समय से पड़े अवशेषों में लोगों की इतनी रूचि, उत्सुकता और आकर्षण है कि मुझे तो समझ नहीं आता कि ऐसा क्यों है?

सवाल है क्या हमें जिंदगी और मौत के बीच झूलते हुए सन् 1912 में हुई एक त्रासदी के अवशेषों की झलक केवल इसलिए देखनी चाहिए क्योंकि हमें खतरों से खेलना है, क्योंकि हमें रोमांच चाहिए? इसी जुनून ने पिछले हफ्ते पांच लोगों की जान ले ली। इस दुर्घटना के बाद 'सपनों के जहाजइ के प्रति सम्मोहन की चर्चा एक बार फिर होने लगी है।

टाइटैनिक के समुद्र में समाने की घटना के प्रति आर्कषण और जिज्ञासा का भाव यदि आज भी महसूस किया जा रहा है तो उसका एक मुख्य कारण है जेम्स कैमरून द्वारा 1997 में बनाई गई सुपरहिट फिल्म 'टाईटेनिकइ, जिसने कई पुरस्कार जीते थे।उस्-ाके बाद टाईटेनिक की त्रासदी से प्रेरित किताबों, फिल्मों, वीडियो गेम्स और म्यूजिकल्स की बाढ़ आई। शोधकर्ताओं को दशकों तक खोज और बहस–मुबाहिसे करने का मसाला मिला। टाईटैनिक की दुर्घटना को अमर बनाने के लिए कम से कम सात मोबाइल संग्रहालयों पर बड़ी रकम खर्च की गई है। इनसे उतनी ही कमाई भी हुई है। ये संग्रहालय और इनमें प्रदर्शित वस्तुएं पूरी दुनिया का चक्कर लगाती रहती हैं।

एटलांटिक महासागर की गहराईयों में डूबने के 111 साल बाद भी यह बदनसीब लक्जरी जहाज खबरों में बना हुआ है। इसके मलबे की नई–नई तस्वीरें जारी होती हैं, इसकी नई–नई प्रतिकृतियां बनाई जाती हैं और समुद्र के तल से इसके बचे हुए टुकड़ों को सतह पर लाने के अभियान चलते रहते हैं। पिछले कुछ सालों से टाइटैनिक टूरिज्म भी शुरू हो गया है।

टाईटन नाम के एक सबमर्सिबिल (पनडुब्बी जैसा पोत) में एक बार में पांच लोगों को टाइटैनिक के अवशेष दिखाने समुद्र के तल पर ले जाया जाता है। ओशनगेट एक्सपीडिशन्स नाम की एक कंपनी इन यात्राओं का संचालन सन् 2021 से कर रही है। हर यात्री को 2.5 लाख अमरीकी डालर चुकाने होते हैं। समुद्र के तल तक की इस यात्रा, जिसमें जाहिर है जोखिम होता ही है, के लिए आसानी से ग्राहक मिल जाना इस बात का सुबूत है कि टाइटैनिक किस हद तक लोगों के दिलो–दिमाग पर, उनकी कल्पना में छाया हुआ है।

और फिर वह टाइटन भी गायब हो गया। पूरी दुनिया मानो सन्न रह गई। अखबारों ने इस खबर को पहले पन्ने पर छापा और यात्रियों को ढूंढने के लिए कई देशों की कई एजेसिंयों ने समुद्र के उस हिस्से में डेरा डाल दिया जहाँ इसे पानी में उतारा गया था। इस खोज में कुछ भी नया एक बड़ी खबर बन जाता था। रात–दिन चल रहे इस कवरेज को देखने के लिए लोग अपने टीवी सेटों, मोबाईल फोनों और सोशल मीडिया पेजों से चिपके रहे। और हां, हम सबने गूगल बाबा से पूछा कि सबमर्सिबिल और सबमरीन में क्या अंतर होता है।

जेम्स केमरून, जो कि एक अनुभवी अंडरवाटर खोजी भी हैं और आरएमएस टाईटेनिक के अवशेषों की 33 यात्राएं कर चुके हैं, ने कुछ खरी–खरी बातें कहीं है। उन्होंने कहा, "मैं इस दुर्घटना और टाईटैनिक त्रासदी के बीच समानताओं से अचंभित हूं। टाईटैनिक के कप्तान को भी बार–बार चेताया गया था कि समुद्र में बर्फ के पहाड़ तैर रहे हैं।

परंतु वह पूरी गति से अमावस की उस रात आगे बढ़ता गया। और नतीजे में सैकड़ों लोग मारे गए" ।केमरून ने एबीसी न्यूज को बताया, "इस मामले में भी चेतावनियों की उपेक्षा की गई। और नतीजे में ठीक उसी जगह पर एक और त्रासदी हुई" ।उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में गहरे समुद्र में गोताखोरी होती रहती है। ऐसे में इस तरह की दुर्घटना हो जाना सचमुच आश्चर्यजनक है" ।केमरून के नेतृत्व में समुद्र की अतल गहराईयों तक पहुंचने में सक्षम एक सबमर्सिबिल का निर्माण किया गया था और उसमें बैठकर वे धरती के सबसे गहरे समुद्रतल पर अकेले जाने वाले पहले व्यक्ति बने थे। मारियाना ट्रेंच में स्थित चैलेंजर डीप नामक इस स्थान से ज्यादा गहरी जगह के बारे में मनुष्य आज तक तो नहीं जानता।

केमरून ने यह खुलासा भी किया कि गहरे समुद्र में काम करने वाले कई लोगों और विशेषज्ञों ने ओशनगेट को मेल लिखे थे जिनमें उन्होंने यह आशंका जाहिर की थी कि कंपनी जो कर रही है उसमें बहुत जोखिम है। और यह भी कि इस तरह के पोत में यात्रियों को ले जाने के पहले पोत की मजबूती की जांच और उसका प्रमाणीकरण किया जाना चाहिए। परंतु इन चिंताओं और चेतावनियों के बाद भी टाइटन की यात्राएं जारी रहीं और अपनी अंतिम यात्रा में अन्दर हवा का दबाव कम होने से वह पिचक कर धातु का एक लौंदा बन गयी।

टाइटैनिक के डूबने के बाद से समुद्र में कई त्रासदियां हो चुकी हैं। टाइटन की दुर्घटना के कुछ ही दिन पहले 750 प्रवासियों को ले जा रही मछली पकडने् की एक नौका भूमध्य सागर में डूब गई थी। इसमें सवार लोगों में से ज्यादातर पाकिस्तानी और अफगान थे और वे सब इटली जा रहे थे। इस जहाज की डेक के नीचे 100 बच्चे थे। इस दुर्घटना में कितने लोग मारे गए यह अभी साफ नहीं है। पिछले कुछ सालों में इस तरह की कई नावें और जहाज डूब चुके हैं। इन दुर्घटनाओं में सैकड़ों प्रवासी मारे गए और सैकड़ों गायब हैं। परंतु न तो पश्चिमी मीडिया, न वहां की सरकारों और ना ही वहां के लोगों ने कभी इन दुर्घटनाओं को उतनी तवज्जो दी जितनी कि पांच रईस सैलानियों की मौत को दी है। समुद्र में डूबे प्रवासियों को ढूंढने् की कोशिश बहुत अनमने ढंग से की गई जबकि कुबेरपति पर्यटकों की खोज में जमीन–आसमान एक कर दिया गया। प्रवासियों को उनकी मौत के लिए खुद जिम्मेदार ठहराया जाता है। हमें मीडिया यह नहीं बताता कि उनके परिवारों की बदहाली, गरीबी और भूख के चलते वे मजबूर होकर छोटी–छोटी नावों में समंदर के रास्ते अपने स्वर्ग की तलाश में निकलते हैं। इसके विपरीत इन पांच रईसों के शोक में मानों पूरी दुनिया दुःखी थी। जिंदगी में तो गैरबराबरी है ही, मौत में भी गैर–बराबरी है।

हर जान कीमती होती है। और हर मौत दिल तोडने् वाली। परंतु जो लोग आजादी और पेट भर रोटी की तलाश में जान गंवा देते हैं उनकी त्रासदी उन लोगों से कहीं अधिक गंभीर है जो केवल अपनी रोमांचक यात्राओं की सूची में एक और नाम जोडने् के लिए खतरे उठाते हैं। इस बात की संभावना बहुत कम है कि समुद्र के तल पर बिखरे इतिहास के अवशेषों की तलाश में इस तरह की दुर्घटना अगले कुछ सालों में फिर से हो। परंतु बेहाल प्रवासियों से भरी नावें डूबती रहेंगीं। अगर एटलांटिक महासागर के तल में सपनों का जहाज है तो भूमध्य सागर भी सपनों की कब्रगाह बन चुका है। सन् 2014 से लेकर अब तक इसमें 25,000 लोग डूबकर मर चुके हैं।

केमरून ने कहा कि अवशेष हमें कहानियां सुनाते हैं और हमें हमारे बारे में कुछ बताते हैं। इन दोनों त्रासदियों ने हमें आईना दिखाया है। एक ओर है अतीत के प्रति आकर्षण के वशीभूत हो फफूंद से ढंके टाईटेनिक के अवशेषों को छूने की इच्छा। दूसरी ओर है समुद्र के गर्भ में आज समा रहे लोग।

टाईटेनिक के प्रति मोह के कारण होने वाली त्रासदियों को अब और नहीं होने देना नहीं चाहिए। टाईटेनिक डूब चुका है।उसे हमें अब भुलाकर आगे बढ़ना चाहिए।

**केमरून ने यह खुलासा भी किया कि गहरे समुद्र में काम करने वाले कई लोगों और विशेषज्ञों ने ओशनगेट को मेल लिखे थे जिनमें उन्होंने यह आशंका जाहिर की थी कि कंपनी जो कर रही है उसमें बहुत जोखिम है। और यह भी कि इस तरह के पोत में यात्रियों को ले जाने के पहले पोत की मजबूती की जांच और उसका प्रमाणीकरण किया जाना चाहिए। परंतु इन चिंताओं और चेतावनियों के बाद भी टाइटन की यात्राएं जारी रहीं और अपनी अंतिम यात्रा में अन्दर हवा का दबाव कम होने से वह पिचक कर धातु का एक लौंदा बन गयी।**

**टाइटैनिक के डूबने के बाद से समुद्र में कई त्रासदियां हो चुकी हैं। टाइटन की दुर्घटना के कुछ ही दिन पहले 750 प्रवासियों को ले जा रही मछली पकडने् की एक नौका भूमध्य सागर में डूब गई थी। इसमें सवार लोगों में से ज्यादातर पाकिस्तानी और अफगान थे और वे सब इटली जा रहे थे। इस जहाज की डेक के नीचे 100 बच्चे थे।**

# रिजर्व बैंक की ऐसी मेहरबानी क्यों?

अजीत द्विवेदी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 29 मार्च 2023 को एक प्रेस कांफ्रेंस में पूछे गए सवाल के जवाब में बताया था कि पिछले पांच साल में यानी 2017 से 2022 के बीच भारत के सरकारी बैंकों ने 7.34 लाख करोड़ रुपए की राशि बट्टे खाते में डाली है यानी राइट ऑफ किया है। इसमें से सिर्फ 14 फीसदी यानी 1.03 लाख करोड़ रुपए की राशि की वसूली हो पाई है और 6.31 लाख करोड़ रुपए की राशि अब भी फंसी हुई है। बैंक द्वारा अपने किसी कर्ज को बट्टे खाते में डालने का मतलब होता है कि इसे भूल जाएं, इसकी वसूली मुश्किल है।

वित्त मंत्री ने बताया नहीं लेकिन कई दूसरे स्रोत से आई खबरों से पता चलता है कि बट्टे खाते में डाली गई ज्यादातर रकम बड़ी कंपनियों और बड़े कारोबारियों की है। किसानों, छोटे कारोबारियों, एमएसएमई सेक्टर के कारोबारियों आदि के कर्ज की रकम आमतौर पर बट्टे खाते में नहीं डाली जाती है। अगर इनको कर्ज से राहत देनी होती है तो बड़े गाजे–बाजे के साथ उसका ऐलान होता है और राजनीतिक लाभ लिया जाता है।



सरकारी बैंकों की इतनी बड़ी रकम राइट ऑफ करने के बावजूद अब भी 12 सरकारी बैंकों की 4.58 लाख करोड़ रुपए की रकम एनपीए है। इस बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने एक नया सरकुलर जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि बैंक विलफुल डिफॉल्टर्स यानी जान–बूझकर कर्ज नहीं चुकाने वालों के साथ भी समझौता कर सकते हैं। ऐसा व्यक्ति, जिसने किसी बैंक से कर्ज लिया है और कर्ज चुकाने की स्थिति में होने के बावजूद कर्ज नहीं चुकाए उसे विलफुल डिफॉल्टर कहा जाता है। ऐसे व्यक्ति या ऐसी किसी ईकाई से बैंकों को क्यों समझौता वार्ता करनी चाहिए? अगर वह व्यक्ति या ईकाई दिवालिया नहीं हुए हैं और कर्ज लौटाने की स्थिति में हैं तो उनसे पूरे कर्ज की वसूली करने की बजाय उनसे समझौता करने या कम पैसे की वसूली का क्या तर्क हो सकता है, सिवाए इसके कि भारत का केंद्रीय बैंक उनके ऊपर मेहरबानी दिखाना चाह रहा है?

सोचें, एक तरफ किसानों के कर्ज नहीं चुका पाने की वजह से उनकी जमीनों की कुर्की हो रही है और दूसरी ओर कर्ज चुकाने में सक्षम लोगों के साथ समझौता करने का नियम बन रहा है? पिछले दिनों राजस्थान सरकार ने विधानसभा में बताया कि कर्ज नहीं चुका पाने की वजह से पिछले चार साल में 19 हजार से ज्यादा किसानों की जमीन की कुर्की हुई है। उससे थोड़े दिन पहले अप्रैल में मध्य प्रदेश के खरगौन से एक खबर आई थी, जिसमें बताया गया था कि एक किसान ने अपनी छह एकड़ जमीन के ऊपर नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक से कर्ज लिया था। एक लाख 63 हजार रुपए के कर्ज में से उसने डेढ़ लाख रुपए लौटा दिए थे लेकिन सिर्फ 13 हजार रुपए के लिए बैंक कर्मचारी उस किसान की जमीन की कुर्की करने पहुंचे। हैरान करने वाली बात यह थी कि बैंक कर्मचारी बैंड बाजे के साथ उस किसान के घर गए और जबरदस्ती उससे जमीन के कागज पर अंगूठा लगवाया। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने इस घटना पर विरोध दर्ज कराया था। कुछ दिन पहले ही झारखंड में एक किसान से कर्ज वसूली करने पहुंचे एक वित्तीय संस्था के कर्मचारियों की ज्यादती की वजह से किसान की गर्भवती बेटी की मौत हो गई थी। एक तरफ छोटे किसानों के साथ बैंकों का ऐसा बरताव है और दूसरी ओर भारत का केंद्रीय बैंक विलफुल डिफॉल्टर्स के ऊपर मेहरबानी दिखा रहा है!

रिजर्व बैंक का सरकुलर हैरान करने वाला है लेकिन उससे भी ज्यादा हैरान करने वाली बात यह है कि पिछले दो साल में विलफुल डिफॉल्टर्स की संख्या में 41 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। क्या विलफुल डिफॉल्टर्स को अंदाजा था कि देश का केंद्रीय बैंक उन पर मेहरबानी दिखा सकता है? भारत में कुल विलफुल डिफॉल्टर्स की संख्या बढ़ कर 16 हजार से ज्यादा हो गई है, जिनके ऊपर तीन लाख 46 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा बकाया है। रिजर्व बैंक के सरकुलर के मुताबिक भारत के सरकारी बैंक जान–बूझकर कर्ज नहीं लौटाने वाले इन लोगों के साथ समझौता करके औने–पौने में कर्ज सेटलमेंट का फैसला कर सकते हैं। इतना ही नहीं ऐसे डिफॉल्टर्स के लिए एक साल का कूलिंग ऑफ पीरियड भी कर दिया गया है। यानी जान–बूझकर कर्ज नहीं लौटाने वाले जिन डिफॉल्टर्स के साथ बैंकों का समझौता होगा वे समझौते के एक साल बाद ही नए कर्ज के लिए आवेदन कर पाएंगे। पहले ऐसे डिफॉल्टर्स को कोई भी बैंक दोबारा कर्ज नहीं देता था। लेकिन अब एक साल बाद वे फिर कर्ज ले सकेंगे। सोचें, किसी भी देश का केंद्रीय बैंक आम आदमी के पैसे के ऐसे दुरुपयोग का मनमाना फैसला कैसे कर सकता है?

भारतीय रिजर्व बैंक के इस सरकुलर का एक मतलब यह भी है कि जितने कारोबारियों ने देश के बैंकों को चूना लगाया और बकाया पैसा लौटाने की बजाय देश छोड़ कर चले गए उन सबके साथ बैंकों का समझौता हो सकता है। वे अपने बकाया कर्ज को औने पौने में सेटल कर सकते हैं। यह स्पष्ट रूप से आम आदमी के खून पसीने की कमाई से लुटेरों की जेब भरने की स्कीम है। यह एक तथ्य है कि भारत के बैंकों की कमाई बढ़ रही है और पहली बार वित्त वर्ष 2022–23 में सरकारी बैंकों की कमाई एक लाख करोड़ रुपए से ऊपर पहुंच गई है। ब्याज से बैंकों को होने वाली कमाई में 35 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। ऊपर से सभी बैंकों ने ग्राहकों के ऊपर दस तरह के शुल्क लगाए हैं। हर छोटी बड़ी सेवा के लिए शुल्क लगा दिया गया है, जिससे बैंकों की कमाई में बेतहाशा बढ़ोतरी हो रही है। न्यूनतम बैलेंस नहीं मेंटेन कर पाने वाले गरीब ग्राहकों से हजारों करोड़ रुपए की कमाई बैंकों ने की है और वह कमाई जान–बूझकर कर्ज नहीं लौटाने वालों पर लुटाए जाने की तैयारी हो गई है।

जब रिजर्व बैंक ने यह सरकुलर जारी किया तो बैंक संघों और कर्मचारियों ने इसका विरोध किया। ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कन्फेडरेशन और ऑल इंडिया बैंक एम्पलाई एसोसिएशन ने इस सरकुलर का विरोध किया है। लेकिन रिजर्व बैंक के ऊपर इसका कोई असर नहीं हुआ है। वह अपने सरकुलर पर कायम है। कायदे से इस तरह की कोई भी पहल सबसे पहले किसानों के लिए होनी चाहिए और उसके बाद एमएसएमई सेक्टर के छोटे कारोबारियों के लिए। इसके साथ ही जितने भी बैंक, नॉन बैंकिंग वित्तीय कंपनियां यानी एनबीएफसी और माइक्रो फाइनेंस इंस्टीट्यूशंस यानी एमएफआई हैं उनके ऊपर सख्ती होनी चाहिए कि वसूली के नाम पर उनके कर्मचारी या भाड़े के गुंडे गरीबों, किसानों, मजदूरों और छोटे कारोबारियों पर ज्यादती न करें।

# आम खाना करते हैं पसंद तो एक दिन में कितना खा सकते हैं? एक्सपर्ट से जानें

रसीले और ताजे आम खाना शायद ही किसी को पसंद नहीं होगा. कुछ लोग इतने ज्यादा आम के शौकीन होते हैं कि वह खाना की जगह आम खाकर ही पेट भर लेते हैं. भारत में आम के ऐसे–ऐसे शौकीन आपको मिल जाएंगे जो एक दिन में एक बाल्टी आम खा जाते हैं. भारत के नॉर्थ के इंडिया के गांव में ऐसा होता है कि लोग अपने आंगन में चारपाई लगाकर और बाल्टी भर–भर के आम खाते हैं. कभी भी लीमिट से ज्यादा कोई भी चीज खाना सेहत के लिए नुकसानदायक है. इसलिए ज्यादा आम खाना सही नहीं है. आम के साथ भी यही दिक्कत है. आप ज्यादा आम खाते हैं तो उससे आपको कब्ज, एसिडिटी जैसी दिक्कतें होने लगती है. आइए जानते है कि एक दिन में कितने आम खाने चाहिए. आइए इस सवाल का जवाब देंगे आज.

एक दिन में कितना आम खा सकते हैं?

1 बड़े आम में 200 कैलोरीज होती है. 100 ग्राम आम के 1 कप में करीब 90 कैलोरीज मिलेंगी. एक आम में 50 से 60 प्रतिशत विटामिन–सी मिलेगा. विटामिन सी इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद मिलती है. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि आम फाइटोन्यूट्रिएंट्स और विटामिन्स से भरपूर होती है. इसकी वजह से गट और पेट की बैक्टीरिया को बढ़ावा मिलता है. गट हेल्थ के लिए सिर्फ आम खाना काफी नहीं है. अगर आप पूरे दिन में 3–5 से आम खा लेंगे तो आपके पेट की गट हेल्थ खराब हो सकती है.

आम खाते समय इन बातों का जरूर रखें ध्यान



आम हमारे मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है इसलिए इसे खाएं लेकिन सोच समझकर खाएं. इसमें आम में प्रोटीन, कार्ब्स, फाइबर, विटामिन–सी, विटामिन–ए, विटामिन–ई, विटामिन–के, पोटेशियम, थायमिन, कॉपर, फोलेट, विटामिन–बी6, राइबोफ्लेविन और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं.

आम में कई तरह के पोषक तत्व होते हैं. जिसमें विटामिंस ए, बी–6, बी–12, सी, ई, विटामिन के, विटामिन डी, जिंक, फॉस्फोरस, पोटैशियम, फाइबर, नियासिन, थियामिन, कैलोरी, काबीहाइड्रेट्स, फैट, कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन, शुगर, प्रोटीन, ऊर्जा, फोलेट, कॉपर होते हैं.

## कर्नाटक में चलती ट्रेन में तलवार लहराने के आरोप में दो गिरफ्तार

**दक्षिण कन्नड़, एजेंसी** । कर्नाटक रेलवे पुलिस ने चलती ट्रेन के अंदर तलवारें लहराने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान जयप्रभु और प्रसाद के रूप में की गई, जो गोवा से तमिलनाडु के तिरुनलवेली की यात्रा कर रहे थे। यह घटना शुक्रवार को हुई, जब तिरुनलवेली सुपरफास्ट एक्सप्रेस दक्षिण कन्नड़ जिले के सुरथकल से टोकुरु की ओर जा रही थी। नशे की हालत में उन्होंने तलवारें निकाल लीं और यात्रियों को धमकाना शुरू कर दिया।

इसके चलते, यात्री अपनी जान के डर से कोच से बाहर भाग गए। टीटीई केके श्रीनिवास शेट्टी और थिमप्पा गौड़ा मौके पर पहुंचे और उनके हाथों से तलवारें छीन लीं। बाद में आरोपियों को मंगलुरु रेलवे स्टेशन पर पुलिस को सौंप दिया गया। घटना के चलते कई सीटें और खिड़कियां क्षतिग्रस्त हो गईं। रेलवे पुलिस ने तलवारें जब्त कर ली हैं।

## बस में आग लगने से 25 लोग जिंदा जले

**नागपुर , एजेंसी** । बुलढाणा में शनिवार को नागपुर–मुंबई सुपर–एक्सप्रेस–वे पर एक बस दुर्घटना में कम से कम 25 यात्रियों की नींद में ही जलकर मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि विदर्भ ट्रैवल्स की बस नागपुर से पुणे जा रही थी और यह हादसा रात करीब 1.15 बजे सिंधखेडराजा इलाके के पास हुआ।

पुलिस के अनुसार, तेज गति से जा रही बस एक्सप्रे–सवे के डिवाइडर से टकराई, फिर एक खंभे से टकराकर नियंत्रण से बाहर हो गई। इससे पहले एक विस्फोट हुआ और उसके बाद आग का एक गोला उठा, जिसने बस को अपनी चपेट में ले लिया। बस में दो ड्राइवर और एक क्लीनर समेत 33 लोग सवार थे।

इस हादसे में अब तक 25 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि पांच घायलों को बुलढाणा सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में एक चालक की भी मौत हो गई। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है और प्रत्येक मृतक के परिजनों के लिए 5 लाख रुपये का मुआवजा और घायलों के लिए मुफ्त इलाज की घोषणा की है। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

## विशाखापत्तनम में इन–एफएन मैरीटाइम पार्टनरशिप अभ्यास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस राणा, एक निर्देशित मिसाइल विध्वंसक, और आईएनएस सुमेधा, एक स्वदेशी रूप से निर्मित अपतटीय गश्ती जहाज ने बंगाल की खाड़ी में फ्रांसीसी नौसेना के जहाज एफएस सुरकॉफ के साथ समुद्री साझेदारी अभ्यास (एमपीएक्स) किया। फेयेट श्रेणी के युद्धपोत सुरकॉफ ने 26 से 29 जून तक विशाखापत्तनम का दौरा किया और भारतीय नौसेना के जहाजों के साथ कई गतिविधियों में भाग लिया, जिसमें पेशेवर और सामाजिक बातचीत, खेल कार्यक्रम और क्रॉस डेक दौरे शामिल थे।

विशाखापत्तनम से प्रस्थान पर, एफएस सुरकॉफ ने आईएन जहाजों राणा और सुमेधा के साथ विभिन्न अभ्यास किए, जिसमें सामरिक युद्धाभ्यास, समुद्र में पुनःपूर्ति (आरएएस) दृष्टिकोण, लड़ाकू विमानों के खिलाफ वायु रक्षा और क्रॉस डेक हेलीकॉप्टर संचालन शामिल थे। एमपीएक्स का समापन दोनों नौसेनाओं के बीच घनिष्ठ मित्रता की पुष्टि करते हुए जहाजों के बीच एक पारंपरिक विदाई स्टीमपास्ट के साथ हुआ। एफएस सुरकॉफ़ की भारत यात्रा भारतीय नौसेना और फ्रांसीसी नौसेना के बीच मजबूत नौसेना–से–नौसेना संबंधों, अंतरसंचालनीयता और मजबूत संबंधों का प्रतीक है।

# सुप्रीम कोर्ट ने तीस्ता का मामला बड़ी बेंच को भेजा

## हाईकोर्ट ने खारिज कर दी थी जमानत याचिका



**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात उच्च न्यायालय ने शनिवार को सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ की नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी और उन्हें 2002 के गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के मामलों में निदोष लोगों को फंसाने के लिए कथित तौर पर झूठे सबूत गढ़ने से जुड़े एक मामले में तत्काल आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया।

कोर्ट ने कहा कि उन्होंने लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को अस्थिर करने और तत्कालीन मुख्यमंत्री और वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि को खराब करने का प्रयास किया और उन्हें जेल भेजने की कोशिश की। इस बीच हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ तीस्ता ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट की एक विशेष पीठ ने उनकी याचिका पर सुनवाई करने के बाद मामले को बड़ी बेंच के पास भेज दिया।

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट की ओर से सीतलवाड को आत्मसमर्पण करने के लिए कुछ समय दिया जाना चाहिए था। इस पर गुजरात सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आपत्ति जताई। फिर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 22 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट से उन्हें अंतरिम जमानत देने का आदेश पारित किया गया था। वह नौ महीने से जमानत पर हैं। हम सोमवार या मंगलवार को इस मामले पर विचार कर सकते हैं, 72 घंटों में क्या होने वाला है?

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ में दोनों जज की राय अलग–अलग रही। ऐसे में पीठ ने मामले को बड़ी बेंच के सामने रखने के लिए मामले को भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के पास भेज दिया।

इससे पहले न्यायमूर्ति निर्जर देसाई की अदालत ने सीतलवाड़ की जमानत याचिका खारिज कर दी और उन्हें तत्काल आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया क्योंकि वह अंतरिम जमानत हासिल करने के बाद पहले ही जेल से बाहर हैं। अदालत ने अपने आदेश में कहा, चूंकि आवेदक सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई अंतरिम जमानत पर बाहर हैं, इसलिए उन्हें तत्काल आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया जाता है। अदालत ने आदेश की घोषणा के बाद सीतलवाड़ के वकील द्वारा मांगी गई 30 दिनों की अवधि के लिए आदेश पर रोक लगाने से भी इनकार कर दिया।

अपने फैसले में उच्च न्यायालय ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि सीतलवाड़ ने अपने करीबी सहयोगियों और दंगा पीड़ितों का इस्तेमाल सरकार को अस्थिर करने और तत्कालीन मुख्यमंत्री (नरेंद्र मोदी) की छवि को खराब करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के समक्ष झूठे और मनगढ़ंत हलफनामे दाखिल करने के लिए किया।

अदालत ने कहा कि यदि आज किसी राजनीतिक दल ने कथित तौर पर उन्हें (तत्कालीन) सरकार को अस्थिर करने का काम सौंपा है, तो कल कोई बाहरी ताकत इसका इस्तेमाल कर सकती है और किसी व्यक्ति को इसी तरह के प्रयास करने के लिए मना सकती है, जिससे देश या किसी विशेष राज्य को खतरा हो सकता है।

हाईकोर्ट ने कहा कि सीतलवाड़ को जमानत पर रिहा करने से यह गलत संकेत जाएगा कि एक लोकतांत्रिक देश में सब कुछ इतना उदार है कि भले ही कोई व्यक्ति तत्कालीन सरकार को सत्ता से हटाने और तत्कालीन मुख्यमंत्री की छवि को बदनाम करने के प्रयास करने की हद तक चला जाए और उसका दोष माफ भी किया जा सकता है। अदालत ने कहा, ऐसे व्यक्ति को जमानत पर रिहा नहीं किया जा सकता है।

बता दें कि सीतलवाड़ को पिछले साल 25 जून को गुजरात के पूर्व पुलिस महानिदेशक आरबी श्रीकुमार और पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट के साथ अहमदाबाद अपराध शाखा पुलिस द्वारा दर्ज अपराध में 2002 के गोधरा कांड के बाद हुए दंगों के संबंध में कथित तौर पर "निदोष लोगों" को फंसाने के लिए मनगढ़ंत सबूतों के इस्तेमाल करने के आरोप में हिरासत में लिया गया था।

अहमदाबाद की एक सत्र अदालत ने 30 जुलाई, 2022 को मामले में सीतलवाड़ और श्रीकुमार की जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया था और कहा था कि उनकी रिहाई से गलत काम करने वालों को यह संदेश जाएगा कि कोई व्यक्ति बिना किसी दंड के आरोप लगा सकता है और बच सकता है। हाईकोर्ट ने तीन अगस्त, 2022 को सीतलवाड़ की जमानत याचिका पर राज्य सरकार को नोटिस जारी किया था और मामले की सुनवाई 19 सितंबर को तय की थी। इस बीच, उच्च न्यायालय द्वारा उनकी याचिका पर विचार करने से इनकार करने के बाद उन्होंने अंतरिम जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट (एससी) का रुख किया था।

सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल दो सितंबर को उन्हें अंतरिम जमानत दे दी थी और उनसे तब तक ट्रायल कोर्ट में अपना पासपोर्ट जमा करने को कहा था, जब तक गुजरात हाईकोर्ट उनकी नियमित जमानत याचिका पर फैसला नहीं कर देता। शीर्ष अदालत ने उनसे मामले की जांच में जांच एजेंसी के साथ सहयोग करने को भी कहा था। सीतलवाड तीन सितंबर को जेल से बाहर आई थीं।

जकिया जाफरी मामले में शीर्ष अदालत के 24 जून के फैसले के कुछ दिनों बाद सीतलवाड़ और दो अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। बता दें कि 2002 के गुजरात दंगे उस साल 27 फरवरी को गोधरा स्टेशन के पास भीड़ द्वारा साबरमती एक्सप्रेस के एक कोच में आग लगाने से भड़के थे।

इस घटना में 59 यात्री, जिनमें ज्यादातर अयोध्या से लौट रहे हिंदू कारसेवक थे, जलकर मर गए थे। पिछले महीने ट्रायल कोर्ट ने मामले में आरोपमुक्त करने की पूर्व डीजीपी श्रीकुमार की याचिका भी खारिज कर दी थी।

श्रीकुमार गुजरात हाईकोर्ट द्वारा दिए गए मामले में अंतरिम जमानत पर बाहर हैं। मामले के तीसरे आरोपी पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट ने जमानत के लिए आवेदन नहीं किया है। जब भट्ट को इस मामले में गिरफ्तार किया गया था, तो वह पहले से ही एक अन्य आपराधिक मामले में जेल में थे।

## यूनेस्को में फिर से शामिल होगा अमेरिका , 132 देशों के समर्थन के बाद प्रस्ताव मंजूर

**पेरिस , एजेंसी** । संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) के 193 सदस्य देशों ने आम सभा के एक असाधारण सत्र में इस संगठन में फिर से शामिल होने के अमेरिकी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। 132 सदस्य देशों ने दो दिनों की चर्चा के बाद अमेरिका की संगठन में वापसी के पक्ष में और 10 ने विरोध में मतदान किया। अमेरिका दो बार हट चुका है, जिससे संगठन के काम पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा। अमेरिका संगठन के नियमित बजट के 22 प्रतिशत के बराबर धनराशि देगा। बकाया राशि के यथाशीघ्र भुगतान के अलावा, अमेरिका अफ्रीका में शिक्षा तक पहुंच और प्राकृतिक आपदा के कार्यक्रमों सहित फंड कार्यक्रमों में स्वैच्छिक योगदान भी देगा। यूनेस्को में चीन के स्थायी प्रतिनिधि यांग जिन ने मतदान के बाद पत्रकारों से कहा कि अमेरिका को टकराव और विभाजन में शामिल होने के बजाय संगठन की वापसी के बाद उसकी एकता और सहयोग को बढ़ावा देने में योगदान देना चाहिए। यांग ने कहा कि चीन यूनेस्को में वापसी के बाद अमेरिका से आग्रह करता है कि वह अपने दायित्वों और प्रतिबद्धताओं को पूरा करे, सदस्यता बकाया राशि का पूरा और समय पर भुगतान करे।

## अमृतपाल और उसके सहयोगी भूख हड़ताल पर नहीं : पुलिस अधिकारी

**गुवाहाटी , एजेंसी** । डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल के अधिकारियों ने उन दावों का खंडन किया कि 'वारिस पंजाब देह के प्रमुख अमृतपाल सिंह और उसके सहयोगी जेल की 'खराब स्थितियोंइ के कारण भूख हड़ताल पर हैं और यह स्पष्ट किया कि आरोपियों ने अनुरोध किया था। इन्हें फ़ोन एक्सेस की अनुमति अब सप्ताह में एक बार दी जाएगी।

अमृतपाल की पत्नी किरणदीप कौर ने दावा किया कि उसके पति और उनके कुछ सहयोगी जेल में खराब सुविधाओं के विरोध में भूख हड़ताल पर हैं, जिसके बाद डिब्रूगढ़ के डिप्टी कमिश्नर बिस्वजीत पेगू और एसपी श्वेतांक मिश्रा ने शुक्रवार को जेल का दौरा किया। पेगू ने कहा, जेल में कोई भूख हड़ताल नहीं है. मैंने एनएसए बंदियों से व्यक्तिगत रूप से बात की है। उन्होंने फोन सुविधाओं तक पहुंच मांगी और उन्हें सप्ताह में एक बार 15–20 मिनट कॉल करने की अनुमति दी जाएगी।

उन्होंने कहा, भोजन की गुणवत्ता के संबंध में एक मौके को छोड़कर कोई शिकायत नहीं है। इससे पहले कौर ने दावा किया था कि उसे भूख हड़ताल के बारे में गुरुवार को तब पता चला, जब वह अमृतपाल से मिलने जेल गई। कौर ने कहा था कि वह अपने पति से मिलने के लिए अमृतसर से डिब्रूगढ़ की यात्रा हर हफ्ते करती है।

अमृतपाल की पत्नी के मुताबिक, उसे पता चला कि जेल में खराब खाना मिलने के कारण अमृतपाल समेत सभी सिख कैदी भूख हड़ताल पर हैं। उसने यह भी कहा कि अधिकारियों ने कैदियों को अपने परिवार के सदस्यों से फोन पर बात करने से मना किया था,

## मणिपुर हिंसा: सबकुछ पूर्वनियोजित लगता है: सीएम बीरेन सिंह



**इंफाल , एजेंसी।** मणिपुर में हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही है, वहीं अब मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि मणिपुर के लिए राज्य और केंद्र सरकार की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं। स्थिति को संभालने के प्रयास जारी हैं। फोर्स की 40 से ज्यादा कंपनियां यहां आ चुकी हैं। खाद्य सामाग्री पर्याप्त मात्रा में है। राहत शिविरों में लोगों को पहुंचाने से लेकर बाकी काम हो रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि सबकुछ पूर्वनियोजित लग रहा है।

आगे उन्होंने कहा कि कुछ जगहों में भाजपा के दफ्तर और अन्य जगहों पर हमले हुए यह देखकर मुझे लगा कि 5–6 वर्ष में जो हमने मणिपुर के लिए किया शायद लोगों का समर्थन हमने खो दिया है। जिस कारण से मैंने यह(मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा) फैसला लिया लेकिन फिर मुझे एहसास हुआ कि जनता का विश्वास अब भी मेरे साथ है मैं जो सोच रहा था वैसा नहीं है। आगे सीएम ने कहा कि कल मैंने देखा कि मेरे लिए लोग आए, जनता का विश्वास अब भी मेरे साथ है। मैं लोगों का आभारी हूं। मणिपुर के लोगों के लिए मैं काम करता रहूंगा।सीएम बीरेन सिंह ने कहा कि जनता के विश्वास के बिना कोई भी नेता नेता नहीं हो सकता। मुझे अच्छा लग रहा है कि जब मैं (सीएम हाउस से) बाहर निकला, तो वहां बहुत संख्या में सड़कों पर भीड़ थी। वे रोए और मुझ पर अपना भरोसा दिखाया। इससे मेरे विचार गलत साबित हुए क्योंकि लोग अभी भी मेरे समर्थन में खड़े थे। उन्होंने मुझसे इस्तीफा न देने के लिए कहा। अगर वे मुझसे इस्तीफा देने के लिए कहेंगे, तो मैं इस्तीफा दे दूंगा, यदि वे मुझसे ऐसा न करने को कहें, तो मैं ऐसा नहीं करूँगा।जब सीएम बीरेन से पूछा गया कि उनके राज्य में हिंसा के पीछे क्या कारण हो सकता है तो उन्होंने कहा कि मैं अभी कुछ नहीं कह सकता, मैं उलझन में हूं। हम यह नहीं कह सकते हैं लेकिन मणिपुर म्यांमार का पड़ोसी है। पास में ही चीन है। हमारी 398 किमी सीमाएं असुरक्षित हैं। भारतीय सुरक्षा बल है लेकिन इतने बड़े इलाके की सुरक्षा नहीं की जा सकती... जो अभी हो रहा है उसे देखते हुए हम न तो इससे इनकार कर सकते हैं और न ही जोरदार तरीके से पुष्टि कर सकते हैं। यह पूर्व नियोजित लग रहा है लेकिन इसका कारण का खुलासा नहीं हुआ है।

## अमृतसर: माल रोड पर गिरी निर्माणाधीन इमारत की शटरिंग

### कई मजदूरों के दबे होने की आशंका, रेस्क्यू जारी



**अमृतसर (पंजाब), एजेंसी।** अमृतसर के मॉल रोड पर एक बड़ा हादसा हुआ, जब एक निर्माणाधीन बड़ी इमारत के लेंटर की शटरिंग गिर गई। हादसे के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक निर्माणाधीन इमारत की तीसरी मंजिल का लेंटर डालने की तैयारी की जा रही थी।

बताया जा रहा है कि शटरिंग गिरने से कई मजदूरों के उसके नीचे दबे होने की आशंका है। प्रशासन की ओर से राहत एवं बचाव कार्य किया जा रहा है। कड़ी मशक्कत के बाद जेसीबी मशीन की मदद से घायलों को एक– एक कर बाहर निकाला जा रहा है।

घायलों की हालत गंभीर देख उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभी तक 5 मजदूर घायल होने की जानकारी सामने आई है। हैरानी की बात यह है कि इतने बड़े हादसों के बाद नगर निगम, पुलिस और फायर ब्रिगेड की कोई भी टीम मौके पर नहीं पहुंची है।

लोग अपने स्तर पर राहत कार्य कर रहे हैं। फिलहाल मौके पर पहुंचे ठेकेदार ने घटना को हादसा बताते हुए घायलों का इलाज कराने और आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन दिया है। ठेकेदार कहा कहना है कि अभी तक इस हादसे में कोई जन हानि सामने नहीं आई है। मलबा जेसीबी की सहायता से उठा कर देखा जा रहा है।

## फांस में पुलिस की गोली से किशोर की मौत के बाद हिंसा जारी

**पेरिस, एजेंसी** । पश्चिमी पेरिस के उपनगर नैनटेरे में चार दिन पहले एक पुलिस अधिकारी द्वारा 17 वर्षीय किशोर की गोली मारकर हत्या करने के बाद से फ्रांस में हिंसा जारी है और देश भर में 667 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी फ्रांस के आंतरिक मंत्री गेराल्ड डर्मैनिन ने दी।

मंत्री ने सोशल मीडिया पर कहा, कल रात, हमारे पुलिस अधिकारियों और अग्निशामकों ने बहादुरी से एक बार फिर हिंसा का सामना किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने देश भर में 667 लोगों को गिरफ्तार किया।पुलिस ने कहा कि इले–डी–फ्रांस क्षेत्र में रात भर में 307 दंगाइयों को गिरफ्तार किया गया। मंत्री ने यह भी कहा कि इस दौरान 249 पुलिसकर्मी घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, व्यवस्था बनाए रखने के लिए गुरुवार को देश भर में करीब 40,000 पुलिस बल तैनात किए गए, इनमें पेरिस में तैनात 5,000 पुलिस बल भी शामिल हैं।इले–डी–फ्रांस क्षेत्र के अध्यक्ष वैलेरी पेक्रेसे ने गुरुवार को घोषणा की कि रात 9 बजे के बाद क्षेत्र में बसें और ट्रामवे नहीं चलेंगे। पेरिस के उपनगर ऑबर्विलियर्स में एक बस केंद्र में दंगाइयों ने 12 बसें जला दीं।

## क्या केंद्र सरकार के अध्यादेश पर रोक लगा सकती है सुप्रीम कोर्ट ?




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार ने अफसरों की ट्रांसफर पोस्टिंग मामले में केंद्र सरकार के अध्यादेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। दिल्ली सरकार ने कहा कि केंद्र सरकार का अध्यादेश असंवैधानिक है। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में आप सरकार ने कहा कि केंद्र सरकार के अध्यादेश पर तुरंत रोक लगाई जाए।

दिल्ली में अफसरों की ट्रांसफर–पोस्टिंग उप–राज्यपाल करते थे। इसके खिलाफ दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। कोर्ट ने दिल्ली सरकार के पक्ष में फैसला सुनाया और अफसरों की ट्रांसफर–पोस्टिंग का अधिकार दिल्ली सरकार को दे दिया।

इसके बाद केंद्र सरकार ने दिल्ली में ग्रुप–ए अधिकारियों के तबादले और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए राष्ट्रीय राजधानी लोक सेवा प्राधिकरण गठित करने के लिए एक अध्यादेश जारी किया। इस अध्यादेश के बाद सुप्रीम कोर्ट का आदेश निष्क्रिय हो गया। अरविंद केजरीवाल की सरकार इस अध्यादेश का विरोध कर रही है। आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट का आदेश भी नहीं मान रही और ये अध्यादेश असंवैधानिक है। केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ अरविंद केजरीवाल दो तरह से लड़ रहे हैं। पहला वह इसके खिलाफ विपक्षी दलों का समर्थन हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं और दूसरा सुप्रीम कोर्ट में लड़ाई लड़ रहे हैं। इस मसले पर समर्थन के लिए आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल कई विपक्षी दलों के नेताओं से मुलाकात भी कर चुके हैं।

बिहार के सीएम नीतीश कुमार, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, एनसीपी चीफ शरद पवार, तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन समेत कई विपक्षी नेता आप का समर्थन करने की बात कह चुके हैं। अगले सत्र में सरकार इस अध्यादेश को पारित कराने के लिए संसद में पेश करेगी।

संविधान के अनुच्छेद–123 में राष्ट्रपति के अध्यादेश जारी करने की शक्तियों का वर्णन है। अगर कोई ऐसा विषय हो जिस पर तत्काल कानून बनाने की जरूरत हो और उस समय संसद न चल रही हो तो अध्यादेश लाया जा सकता है। अध्यादेश का प्रभाव उतना ही रहता है, जितना संसद से पारित कानून का होता है। इन्हें कभी भी वापस लिया जा सकता है।

अध्यादेश के जरिए नागरिकों से उनके मूल अधिकार नहीं छीने जा सकते। केंद्रीय मंत्रिमंडल की सलाह पर राष्ट्रपति अध्यादेश जारी करते हैं। चूंकि कानून बनाने का अधिकार संसद के पास है। ऐसे में अध्यादेश को संसद की मंजूरी चाहिए होती है। अध्यादेश को संसद में छह महीने के भीतर पारित कराना होता है। अध्यादेश जारी करने के छह महीने के भीतर संसद सत्र बुलाना अनिवार्य है।

राज्यों में गवर्नर अध्यादेश जारी कर सकते हैं। इसके लिए संविधान के अनुच्छेद 213 में व्यवस्था है। शर्तें वही रहती हैं कि विधानसभा का सत्र न चल रहा हो। अध्यादेश को जारी करने के छह महीने के भीतर विधानसभा से पारित भी कराना होता है। संसद के पास कानून बनाकर अदालत के फैसले को पलटने की शक्तियां हैं। हालांकि, कानून सीधे तौर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का विरोधाभासी नहीं हो सकता। कानून में अदालत के फैसले की सोच को एड्रेस करना जरूरी है। मतलब यह कि फैसले के आधार को हटाता हुआ कानून पारित हो सकता है।

## 20 जुलाई से शुरु होगा संसद का मॉनसून सत्र, नए भवन में होगी बैठक

**नई दिल्ली एजेंसी** । संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू हो रहा है। यह 20 जुलाई से शुरू होकर 11 अगस्त तक चलेगा। इस बार मानसून सत्र नए संसद भवन में होगा, जिसका पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया था। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शनिवार को ट्वीट करके तारीखों के बारे में जानकारी दी।जोशी ने एक ट्वीट में कहा, संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होगा और 11 अगस्त 2023 तक चलेगा। सभी दलों से मानसून सत्र के दौरान विधायी कार्य और अन्य विषयों पर सार्थक चर्चा में योगदान देने का आग्रह। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा कि संसद का मॉनसून सत्र 23 दिनों तक चलेगा ।

## पीएम मोदी ने की डिजिटल पेमेंट की वकालत, कहा– लोगों को नकद भुगतान से बचना चाहिए

**नई दिल्ली , एजेंसी** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि डिजिटल भुगतान से पारदर्शिता आई है और यदि संभव हो तो लोगों को नकद भुगतान से बचना चाहिए। 17वीं भारतीय सहकारी कांग्रेस को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, पारदर्शिता के लिए डिजिटल लेनदेन को अपनाएं। नकद भुगतान कम से कम करें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार कृषि और किसानों पर सालाना 6 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च करती है। उन्होंने कहा, इसका मतलब है कि औसतन हर किसान को हर साल सरकार से विभिन्न रूपों में लगभग 50 हजार रुपये मिलते हैं।

प्रधान मंत्री ने उल्लेख किया कि उनकी सरकार ने देश भर के किसानों के खातों में लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये सीधे स्थानांतरित किए हैं। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि उनकी सरकार यूरिया उर्वरक बैग 270 रुपये में उपलब्ध कराती है, जबकि बांग्लादेश में उन्हें 720 रुपये, पाकिस्तान में 800 रुपये, चीन में 2,100 रुपये और कुछ अन्य स्थानों पर 3,100 रुपये में बेचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने उर्वरक सब्सिडी को बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक कर दिया है और इस बात पर जोर दिया कि केंद्र भाई–भतीजावाद और भ्रष्टाचार से मुक्त है, जिससे किसानों को लाभ हो रहा है।

उन्होंने कहा, पिछले नौ वर्षों में, किसानों को एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर उनकी उपज की खरीद के माध्यम से 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक प्राप्त हुए हैं। सरकार कृषि और किसानों पर प्रति वर्ष लगभग 6.5 लाख करोड़ रुपये खर्च करती है। मोदी ने किसानों के लिए 3 लाख 70 हजार करोड़ रुपये के पैकेज की घोषणा की और कहा कि गन्ना किसानों के लिए 315 रुपये प्रति क्विंटल का लाभकारी मूल्य निर्धारित किया गया है।पीएम ने कहा, वर्तमान में हमारे पास देश में 1,400 लाख टन से अधिक की भंडारण क्षमता है। अगले पांच वर्षों के लिए हमारा लक्ष्य लगभग 700 लाख टन नई भंडारण क्षमता बनाना है।

# वर्ल्ड कप के 48 के इतिहास में वेस्टइंडीज ने पहली बार किया कारनामा



नई दिल्ली, एक समय में वनडे वर्ल्ड कप की चैंपियन माने जाने वाली टीम इस बार वर्ल्ड कप में नजर नहीं आएगी। 48 साल में पहली बार वेस्टइंडीज की टीम वर्ल्ड कप में नहीं ले पाएगी। जी हां वेस्टइंडीज की टीम आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप क्वालीफायर से स्कॉटलैंड के हाथों 7 विकेट से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई है। वेस्टइंडीज का टॉप ऑर्डर पूरी तरह से असफल रहा। टीम 40 रन पर 4 विरेट गंवा चुकी थी।

**दो बार बना चैंपियन–**

वनडे वर्ल्ड कप के उद्घाटन सीजन में 1975 में वेस्टइंडीज की टीम चैंपियन बनी थी। इसके बाद दूसरे सीजन में एक बार फिर वेस्टइंडीज की टीम 1979 में चैंपियन बनी थी। हालांकि पहली बार टीम ने लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया को 17 रन से हराकर और दूसरी बार फिर इसी मैदान में इंग्लैंड को 92 रन से हराकर वेस्टइंडीज ने अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज करवाया था, लेकिन तीसरी बार टीम का मुकाबला फाइनल में भारत से था।

**टी20 और चैंपियंस ट्रॉफी में भी हासिल जीत**

कप्तान कपिल देव की अगुवाई वाली भारतीय ने लॉर्ड्स में वेस्टइंडीज की टीम को 43 रन से हराया था। हालांकि वेस्टइंडीज 2 बार 2012 और 2016 में लगातार दो बार टी20 वर्ल्ड कप विजेता रह चुकी है। इस बीच 2004 में चैंपियंस ट्रॉफी भी अपने नाम कर चुकी है।

**वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज का सफर**

1979 के बाद वेस्टइंडीज की टीम कभी भी चैंपियन नहीं बन सकी। वेस्टइंडीज 1987 और 1992 में लीग स्टेज से ही बाहर हो गई। 1996 में वेस्टइंडीज की टीम सेमिफाइनल तक पहुंची, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के हाथों पांच रन से हारकर टीम को एक बार फिर टूर्नामेंट से फिर बाहर का रास्ता तय करना पड़ा। 1999, 2003, 2007 में भी वेस्टइंडीज शुरुआती दौर में ही बाहर हो गई।

**नहीं होगी वर्ल्ड कप में शामिल**

हालांकि वेस्टइंडीज टीम के लगातार प्रयासों के बाद 2011 और 2015 में टीम क्वार्टर फाइनल से बाहर हुई, लेकिन 2019 में फिर लीग स्टेज पर ही हारकर टीम को बाहर होना पड़ा और आज 2023 में टीम स्कॉटलैंड के हाथों 7 विकेट से हारकर वर्ल्ड कप में शामिल भी नहीं हो पाएगी।

### आईसीसी विश्व कप क्वालीफायरः दुष्मंथा चमीरा की जगह दिलशान मदुशंका श्रीलंकाई टीम में शामिल

दुबई, आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर 2023 की इवेंट तकनीकी समिति ने श्रीलंकाई टीम को चोटिल खिलाड़ी दुष्मंथा चमीरा के प्रतिस्थापन को मंजूरी दे दी है।

श्रीलंकाई टीम में, दिलशान मदुशंका ने दुष्मंथा चमीरा का स्थान लिया है, जो आयोजन के पहले प्रशिक्षण सत्र में चोट लगने के कारण बाहर हो गए थे।

बता दें कि किसी खिलाड़ी के प्रतिस्थापन के लिए प्रतिस्थापन खिलाड़ी को आधिकारिक तौर पर टीम में शामिल करने से पहले इवेंट तकनीकी समिति की मंजूरी की आवश्यकता होती है।

आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर 2023 की इवेंट तकनीकी समिति में क्रिस टेटली, (आईसीसी इवेंट प्रमुख), सारा एडगर (आईसीसी प्रतिनिधि), हैमिल्टन मसाकाद्ज़ा, (मेजबान टूर्नामेंट निदेशक), डिर्क विलजोएन, (मेजबान नामांकित व्यक्ति), पॉमी मबंगवा (स्वतंत्र); नताली जर्मनोस (स्वतंत्र) और गुरजीत सिंह, (प्रबंध समिति मामले) शामिल हैं।

# पीकेएल के दसवें सीजन को लेकर वास्तव में उत्साहित हूं: पवन सहरावत



नई दिल्ली, इस साल प्रो कबड्डी लीग के सीजन 10 का आयोजन होना है, जिसे लेकर तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। सीजन 10 को लेकर प्रशंसकों पर कबड्डी का बुखार बढ़ता जा रहा है। दुनिया की सबसे बड़ी कबड्डी लीग जल्द ही दसवें सीजऩ के लिए खिलाडिय़ों की नीलामी की तारीखों की घोषणा करेगी।विशेष घोषणा से पहले, पीकेएल स्टार पवन सहरावत, जिन्होंने 105 मैचों में 987 अंक बनाए हैं, ने कहा, मैं दसवें सीजऩ के लिए वास्तव में उत्साहित हूं। प्रो कबड्डी लीग एक दिलचस्प यात्रा से गुजरी है और यह निश्चित रूप से यह एक शानदार दसवां सीजन का हकदार है। मैं मैट पर उतरने और सभी प्रशंसकों के साथ सीजन 10 का जश्न मनाने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।

पिछले नौ वर्षों में पीकेएल के प्रभाव के बारे में सुपरस्टार रेडर नवीन, जिन्होंने 85 मैचों में 934 अंक अर्जित किए हैं, ने कहा, प्रो कबड्डी लीग ने सैकड़ों खिलाडिय़ों के जीवन को बदल दिया है। आज, कबड्डी एक महत्वाकांक्षी करियर बन गया है, इसके लिए यह पीकेएल को बहुत–बहुत धन्यवाद। मैं भविष्य में कई और सीजऩ की प्रतीक्षा कर रहा हूं।प्रो कबड्डी लीग ने पिछले नौ सीजऩ में कबड्डी के खेल को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और आयोजक सीजन 10 में स्तर को और भी ऊपर उठाने की कोशिश करेंगे। खिलाड़ी इस दौरान एक बार फिर प्रशंसकों का मनोरंजन करने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# शुभमन गिल ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाकर ऑरेंज कैप अपने नाम की

नई दिल्ली, आईपीएल 2023 के दौरान कई युवा खिलाड़ियों ने बेहतर परफॉर्मेंस के दम पर टूर्नामेंट में अपना नाम बनाया। शुभमन गिल ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाकर ऑरेंज कैप अपने नाम की। उन्होंने टूर्नामेंट में तीन शतक लगाकर 890 रन बनाए। वह विराट कोहली और जोस बटलर के बाद ऐसा करने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं।

**गायकवाड़ टीम का भविष्य–**

इस बीच पाकिस्तान के दिग्गज तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने शुभमन गिल को नहीं बल्कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ को भारतीय क्रिकेट का उज्ज्वल भविष्य बताया है। अकरम ने स्पोर्ट्सकीड़ा के साथ बातचीत में कहा कि गायकवाड़ ने हाई प्रैशर वाले मैचों में बेहतरीन परफॉर्म किया। साथ ही शारीरिक रूप से काफी फिट हैं।

बेहतरीन फील्डर हैं गायकवाड़–

अकरम ने आगे कहा कि वह अभी काफी युवा है और एक बेहतरीन फील्डर हैं। वह भारतीय क्रिकेट और फेंचाइजी क्रिकेट का उज्जवल भविष्य हैं। गायकवाड़ लीग में 590 रन के साथ ऑरेंज कैप लिस्ट में सातवें नंबर पर रहे हैं। वह सीएसके के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे।



**आईपीएल 2023 में गायकवाड़ का प्रदर्शन**

सीएसके के इस खिलाड़ी ने सीजन में 42.14 की ओसत से 4 अर्धशतक लगाए हैं। उन्होंने फाइनल में अहम भूमिका निभाते हुए मैन ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी जीता। उन्होंने फाइनल में 16 गेंदों में 26 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। बारिश के कारण मैच 15 ओवर का किया गया था, जिसमें टीम को 170 रन का टारगेट दिया गया था।

**शादी के कारण टेस्ट चैंपियनशिप से बाहर–**

रुतुराज गायकवाड़ को शुरू में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में भारतीय टीम में रिजर्व खिलाड़ियों का हिस्सा माना जा रहा था, लेकिन शादी के कारण वह इंग्लैंड नहीं जा सके और उनकी जगह यशस्वी जायसवाल को टीम में जगह मिली।

# स्टीव स्मिथ ने एक हजार चौके जड़कर टेस्ट रिकॉर्ड बुक में दर्ज कराया नाम

नई दिल्ली, ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने एक और अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। एशेज टेस्ट सीरीज 2023 के दूसरे मैच में लॉर्ड्स में स्टीव स्मिथ ने 1000 चौके लगाने का रिकॉर्ड बनाया। पहली पारी में स्मिथ ने 15 चौके लगाए थे। वहीं, दूसरी पारी में 5 चौके लगाए। इन 20 चौकों की मदद से उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अपने चौकों की संख्या को 1000 के पार पहुंचा दिया है। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में स्टीव स्मिथ 1000 चौके लगाने वाले पांचवें बल्लेबाज बन गए हैं। स्टीव स्मिथ ने पहली पारी में 110 रन की पारी खेली थी। इस दौरान 15 चौके लगाए। वहीं, दूसरी पारी में 34 रन बनाकर आउट हो गए। इस पारी में 5 चौके जड़े। दोनों पारियों में स्मिथ ने कुल 20 चौके लगाए। स्टीव स्मिथ ने अपने 99वें टेस्ट मैच में 1000 से ज्यादा चौके लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वह पांचवें ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बने हैं, जिन्होंने 1 हजार से ज्यादा चौके लगाए हैं।

**ऑस्ट्रेलिया की तरफ से सबसे ज्यादा चौके लगाने वाले बल्लेबाज**

रिकी पोंटिंग– 168 मैच– 1509 चौके
स्टीव वॉ– 168 मैच– 1175 चौके
एलन बॉर्डर– 156 मैच– 1161 चौके
मैथ्यू हेडेन– 103 मैच– 1049 चौके
स्टीव स्मिथ– 99* मैच– 1004 चौके

**सचिन ने जड़े हैं टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा चौके**



बात करें टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा चौके लगाने वाले खिलाड़ी की तो वो हैं, क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर। मास्टर ब्लास्टर ने अपने टेस्ट करियर में कुल 2058 चौके जड़े हैं। दूसरे नंबर पर भारत के ही पूर्व बल्लेबाज राहुल द्रविड़ हैं, जिन्होंने 164 मैचों में 1654 चौके लगाए थे। वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज ब्रायन लारा तीसरे नंबर पर काबिज हैं। उन्होंने अपने टेस्ट करियर में 1559 चौके लगाए थे। इस लिस्ट में चौथे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग हैं जिन्होंने 168 मैचों में 1509 चौके लगाए थे।

## फिल्मी सफर

# अक्षय कुमार ने साजिद नाडियाडवाला के साथ किया हाउसफुल 5 का ऐलान, रिलीज तारीख भी जारी

पिछले काफी समय से खबरें आ रही थीं कि सुपरहिट कॉमेडी फ्रेंचाइजी हाउसफुल का पांचवां भाग आ रहा है और अब इस खबर का आधिकारिक रूप से ऐलान हो गया है। फिल्म में एक बार फिर अक्षय कुमार अपनी कॉमेडी से दर्शकों को गुदगुदाएंगे। अक्षय ने भी एक पोस्टर जारी कर सोशल मीडिया पर अपनी इस फिल्म की घोषणा कर दी है, जिसके बाद प्रशंसकों की खुशी का ठिकाना नहीं है। आइए जानते हैं क्या कुछ जानकारी मिली है। अक्षय ने फिल्म का एक पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 5 गुना पागलपन के लिए तैयार रहें। आपके लिए लेकर आ रहे हैं हाउसफुल 5, जिसके निर्देशन की जिम्मेदारी तरुण मनसुखानी और प्रोडक्शन का काम साजिद नाडियाडवाला के जिम्मे हैं। 2024 में दिवाली के मौके पर आपसे मिलते हैं। अक्षय ने अपने पोस्ट में यह भी बताया कि इस फिल्म में उनके साथ रितेश देशमुख नजर आएंगे। जल्द ही फिल्म के दूसरे कलाकारों की घोषणा होगी। हाउसफुल फ्रेंचाइजी की फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर जलवा रहा है। हाउसफुल और हाउसफुल 2 का निर्देशन साजिद खान ने किया था। हाउसफुल 3 का निर्देशन फरहाद सामजी और साजिद ने मिलकर किया, वहीं हाउसफुल 4 के निर्देशक फरहाद थे। हाउसफुल फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म 2010, दूसरी 2012, तीसरी 2016 औ इसकी चौथी किस्त 2019 में आई थी। पिछली फिल्म हाउसफुल 4 75 करोड़ रुपये में बनी थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर 296 करोड़ रुपये की कमाई की थी। सुपरस्टार सूर्या की सुपरहिट तमिल फिल्म सोरारई पोटरु के हिंदी रीमेक में भी अक्षय मुख्य भूमिका में हैं। हेरा फेरी 3 और ओह माय गॉड 2 अक्षय के खाते से जुड़ी है। इसके अलावा फिल्म द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू में वह काम कर रहे हैं। धर्मा प्रोडक्शंस की सी शंकरन नायक की बायोपिक के हीरो भी अक्षय ही हैं। उन्हें फिल्म स्काई फोर्स में देखा जाएगा। इसके अलावा जॉली एलएलबी 3 में अक्षय को अरशद वारसी के साथ देखा जाएगा। अक्षय ओह माय गॉड 2 से पर्दे पर वापसी करेंगे। दर्शकों के साथ अक्षय को भी उम्मीद है कि इसके जरिए उनका डगमगाता करियर पटरी पर आएगा। यह फिल्म 11 अगस्त को सिनेमाघरों में आने वाली है। अक्षय की पिछली फिल्में रामसेतु और रक्षाबंधन ने निर्माताओं का बट्टा बैठा दिया था।




# सनी देओल की गदर 2 का पहला गाना उड़ जा काले कावा हुआ रिलीज

गदर 2 फिल्म के पहले गाने और सबसे फेमस गाने उड़ जा काले कावा रिलीज हो गया है. इस गाने ने रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर रोमांस की ऐसी आग लगाई है जिसमें तारा सिंह की लेडी लव सकीना डूबी नजर आ रही हैं. इस चंद मिनट के गाने ने तारा और सकीना की लव स्टोरी को फिर से जिंदा कर दिया है. इस गाने में तारा सिंह म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट बजाते नजर आ रहे हैं तो वहीं सकीना उन्हें प्यार भरी नजरों से निहारती हुई दिख रही हैं.



22 साल बाद गदर 2 फिल्म के लिए दोबारा रिक्रिएट किए गए गाने में तारा सिहं और सकीना का फिर वही प्यार नजर आ रहा है. गाने में दिखाया गया है कि तारा सिंह, सकीना के लिए गाना गा रहे हैं तो वहीं सकीना तारा की आवाज सुनकर खो हुई नजर आ रही हैं.

उड़ जा काले कावा गाने का टीजर एक दिन पहले रिलीज किया था जिसे फैंस का भरपूर प्यार मिला था. इस गाने के टीजर को रिलीज करते हुए कैप्शन में लिखा था– एक बार फिर से तैयार हो जाइए इस जबरदस्त लव स्टोरी के लिए. उड़ जा काले कावा गाना कल रिलीज हो रहा है.

गदर 2 फिल्म 11 अगस्त को थियेटर में रिलीज होगी. इस फिल्म को लेकर फैंस काफी ज्यादा एक्साइटेड हैं.

## बॉडीकॉन ड्रेस पहन रकुल प्रीत सिंह ने गिराईं हुस्न की बिजलियां, टोन्ड फिगर दिखाकर लूटी लाइमलाइट



रकुल प्रित सिंह ने हाल ही में ब्लू कलर की बॉडी फिटेड ड्रेस में ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें उनका लुक भी फैंस को काफी लुभा रहा है। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो हमेशा चर्चाओं का विषय बन जाती हैं। हालांकि इन तस्वीरों में भी कुछ ऐसी ही खूबसूरती देखने को मिल रही है। बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह आए दिन अपने फैशन सेंस के कारण फैंस के बीच सुर्खियां बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस हमेशा अपने किलर अवतार से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ ग्लैमरस तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस भरी अदाएं देखकर लोग उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। रकुल प्रीत सिंह ने अपनी इन फोटोज में ब्लू कलर की बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो ब्यूटिफुल नजर आ रही हैं।

अभिनेत्री अपनी इन तस्वीरों में कातिलाना नजरों से फैंस के दिलों पर खंजर चला रही हैं। एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। आए दिन फैंस के साथ अपनी वीडियो और फोटोज शेयर करती हैं। बताते चलें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो लोग लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं।

# हिंदी हॉरर सीरीज अधूरा का रुह कंपा देने वाला ट्रेलर किया रिलीज

आगामी स्ट्रीमिंग सीरीज 'अधूरा' का ट्रेलर जारी किया गया है। इसकी कहानी ऊटी के एक प्रतिष्ठित बोर्डिंग स्कूल के इर्द–गिर्द घूमती नजर आएगी। रोंगटे खड़े कर देने वाली इस कहानी में रहस्य और भयानक घटनाओं को प्रस्तुत किया गया है। आगामी स्ट्रीमिंग सीरीज 'अधूरा' का ट्रेलर जारी किया गया है। इसकी कहानी ऊटी के एक प्रतिष्ठित बोर्डिंग स्कूल के इर्द–गिर्द घूमती नजर आएगी। रोंगटे खड़े कर देने वाली इस कहानी में रहस्य और भयानक घटनाओं को प्रस्तुत किया गया है।

सीरीज 'अधूरा' में इश्वाक सिंह, पूजन छाबड़ा, रिजुल रे, ज़ोआ मोरानी, साहिल सलाथिया और अरु कृष्ण वर्मा हाई स्कूल के दोस्तों की भूमिका निभा रहे हैं। साथ ही रसिका दुग्गल, श्रेनिक अरोड़ा और राहुल देव भी महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। हाल ही में सीरीज का ट्रेलर जारी किया गया। ट्रेलर में अपराध–बोध से ग्रस्त पूर्व छात्र अधिराज (ईश्वक सिंह) और परेशान छात्र वेदांत (श्रेनिक अरोड़ा) के बीच अतीत और वर्तमान का कनेक्शन दिखाया गया है। सीरीज में भूमिका निभाने वाली रसिका दुग्गल ने कहा, कि सुप्रिया जैसे किरदार को लेकर मैं रोमांचित थी। उन्होंने आगे कहा, मैं एक नई सीरीज के साथ प्राइम वीडियो पर आकर खुश हूं। मुझे उम्मीद है कि दर्शक इस कहानी को पसंद करेंगे। निखिल आडवाणी के एम्मे एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित और अनन्या बनर्जी और गौरव के. चावला द्वारा निर्देशित यह सीरीज 7 जुलाई से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।




**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com